हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 30 मई 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

सड़क निर्माण होने से आवागमन में होगी सुविधा: विधायक ईश्वर 13

सामाजिक एकता और संस्कृति को सशक्त बनाने की है आवश्यकता : सांसद विजय 13





# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें । केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### हवलदार के सूने मकान में चोरी धोखाधड़ी

**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत जुनवानी स्थित दीनदयाल ओल्ड कॉलोनी स्थित सूने मकान में चोरी हो गई। मकान इंडियन आर्मी में हवलदार नंदसेन मेश्राम का बताया गया है। पुलिस ने बताया कि नंदसेन को पोस्टिंग सूरतगढ़ राजस्थान में है। वह पूरे परिवार के साथ दिल्ली से सूरतगढ़ चला गया था। महीनेभर बाद लौटा तो देखा कि घर के गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अंदर से 4 जोड़ी चांदी के पायल, सोने का लॉकेट, मंगलसूत्र, चेन, टॉप्स, बिछिया, लोहे का झूला, कूलर का मोटर गायब थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत 98,500 रुपए आंकी गई है। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

### जिम ट्रेनर ने लगाई फांसी कमरे में मिली लाश

**भिलाई।** एक जिम ट्रेनर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम विकास धनी (30 वर्ष) बताया गया है।



बताया जाता है कि मृतक पिछले 4 साल से एक युवती के साथ लिव इन में रह रहा था। युवती एक महीने पहले ही असम चली गई। इससे विकास काफी व्यथित था। बहरहाल स्मृतिनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। विकास अपने माता पिता से अलग रहता था। आरके फिटनेस सेंटर में बतौर ट्रेनर काम करता था। आखिरी बार 26 मई का रात उसने अपने पापा से बात की थी। घटना के बाद परिजन मृतक के जुनवानी स्थित चौहान टाउन फ्लैट में पहुंचे। अंदर किसी तरह देखा तो पता चला कि युवक ने खुदकुशी कर ली है। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने घर को सील कर दिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, अपराध दर्ज

**भिलाई।** भिलाई के नंदिनी रोड छावनी चौक के पास आधी रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई।



पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर घरवालों का आरोप है कि किसी ने मृतक गुलशन को जानबूझकर ठोकर मारी है और यह हिट एंड रन का मामला है। घरवालों ने कहा कि इस हादसे के बाद बाइक की स्थिति देखकर सड़क दुर्घटना की बात सही नहीं लगती। इधर जामुल पुलिस ने रात में ही शव को सुपेला अस्पताल के मर्चुरी भेजा। बहरहाल मामले में जांच की जा रही है।

### दो किशोरियां लापता अपहरण का केस दर्ज

**भिलाई।** पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत इंदिरा नगर पोटियाकला से लगभग 13 वर्ष की दो नाबालिग लापता हैं। दोनों 27 मई को शाम 6:30 बजे घर से निकली थी। घर नहीं लौटने पर परिजनों ने मामले की शिकायत पद्मनाभपुर पुलिस से की है। शिकायत में कहा गया है कि दोनों लड़कियां रिश्ते में चचेरी बहनें हैं। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति उन्हें बहलाकर ले गया है। बहरहाल पुलिस ने दोनों लड़कियों को खोजबीन शुरू कर दी है। जिले के सभी थानों में घटना की सूचना दी गई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वेदर अलर्ट : नौतपा में अब तक हो चुकी 80 मिलीमीटर बारिश

# 40 किमी रफ्तार से चली मानसूनी हवाएं पेड़ गिरे, बिजली बंद, आज भारी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-1 सी मार्केट के पास 40 साल पुराना पेड़ गिरा



प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही मौसम विभाग ने गुरुवार को भारी बारिश की चेतावनी दी है। भिलाई-दुर्ग सहित जिले में 40 किलोमीटर की रफ्तार से मानसूनी हवाएं चलेगी और तेज बारिश भी होगी। गुरुवार को दोपहर तेज धूप का लोगों ने सामना किया और जैसे ही शाम हुई मानसून दिखाई देने लगा। आसमान पर घने काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश भी होने लगी। शहर की अपेक्षा गांवों की ओर तेज हवाओं से पेड़ गिर गए हैं। होर्डिंग्स को भी क्षति पहुंची है। वहीं कई इलाके में घंटो तक बिजली बंद रही। सालों बाद नवपता में 80 मिलीमीटर की बारिश हो चुकी है।

### विक्षोभ का ऐसा प्रभाव

एक पश्चिमी विक्षोभ 75 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से गहरा अवदाब के केंद्र तक उत्तर मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है।

### शहर से लेकर गांव तक बिजली घंटों बंद रही, लोग हुए परेशान

मानसूनी प्रहार के चलते कई क्षेत्रों में बिजली बंद हो गई। सुपेला, रामनगर, छावनी, कैंप एरिया, रिसाली, नेवई, मरोदा, चंद्रनगर उमरपोटी, लोकनगर उमरपोटी, न्यू नेहरूनगर ,भिलाई तीन जैसे कालोनियों में शाम 4 बजे से बिजली बंद कर दी गई। जो घंटों तक नहीं आई। इसके अलावा शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में उतई,पुरई, पाउवारा, जंजगिरी, डुंडेरा, डूमरडीह, महकाखुर्द,महकाकला, सेलूद, ढ़ौर, अचानकपुर, छांटा, पतोरा, फुंडा सहित आसपास के गावों में बिजली बंद रही। रहवासियों ने बताया कि बुधवार की रात में भी बिजली आती जाती रही। लो वोल्टेज की समस्या से भी जूझ रहे हैं।

### इस तरह बढ़ रहा है मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। अगले एक-दो दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून पश्चिम बंगाल के कुछ और भाग और बिहार के कुछ भाग में पहुंचने की संभावना है। एक अवदाब उत्तर पश्चिम बंगाल के खड़ी पश्चिम बंगाल तट से दूर बांग्लादेश तट के पास लगभग उत्तर दिशा में 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है इसके और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब दाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है । इसके लगातार उत्तर दिशा में आगे बढ़ते हुए पश्चिम बंगाल तट- बांग्लादेश तट के बीच सागरद्वीप और खेपूपारा के बीच 29 मई को पार करने की संभावना है।

### जिले में हो रही बारिश

दुर्ग जिले में पूरे सीजनभर का कोटा पूरा होने के लिए 240 मिलीमीटर औसत बारिश की और जरूरत पड़ेगी। दुर्ग जिले के अहिवारा, पाटन, दुर्ग, भिलाई, बोरई,धमधा में वर्षा मापक यंत्र लगाया गया है। 2 मई से ही दुर्ग जिले में बारिश शुरू हो गई है। जो 29 मई तक जारी है। इस अवधि के बीच 2 मई, 4 मई, 17 मई, 18 मई , 22 मई , 24 मई, 25 मई, 27 व 28 मई को बारिश हुई। अब तक 80 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

### आज तेज बारिश

30 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा के गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात भी हो सकता है। दुर्ग संभाग में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इसलिए लोग एलर्ट रहे।

-डॉ. एचपी चंद्रा, मौसम विज्ञानी छग

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देने वाले दो और गिरफ्तार, भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ने बंगाली घुसपैठियों की धरपकड़ तेज कर दी है। घुसपैठियों की मदद करने वालों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ऐसे ही दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में अभय पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 30 वर्ष पता डोंगरे कॉलोनी सत्संग मंदिर के पीछे भिलाई 3 चरोदा से गिरफ्तार किया गया। वह मूल रूप से नौदर थाना मोहरगंज जिला चंदौली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वहीं शशि पति सतीश उपाध्याय उम्र 63 वर्ष को जयंती नगर उरला से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि शशि के मकान में दो बांग्लादेश की लड़कियां अवैध रूप से आकर रुकी हुई थीं। उन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके विरुद्ध विदेशी विषयक अधिनियम 1946 की धारा 14 एवं पासपोर्ट भारत में प्रवेश अधिनियम 1920 की धारा 3 एवं पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12 एवं जोड़ने धारा 249(3),61(ख) बीएनएस 2023 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

- एक चरोदा भिलाई-3 और दूसरा जयंती नगर उरला से पकड़ा गया

बांग्लादेशी होने का आरोप सपना मंडल उर्फ सपना नूर उर्फ सपना शर्मा पति अभय शर्मा उम्र 31 वर्ष और रानी पासवान उर्फ खुशबू बेगम पर लगाया गया है।

सपना बाघा जोतिन जाधवपुर पश्चिम बंगाल जोबरहाट दिनाजपुर बांग्लादेश हाल शशि उपाध्याय का मकान में रहना बताया गया है। वहीं रानी पासवान उर्फ खुशबू बेगम आसनसोल लखीमपुर पश्चिम बंगाल स्थाई पता जोबरहाट दिनाजपुर बांग्लादेश की बताई गई है। बहरहाल पुलिस की मामले में जांच जारी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला 6 साल बाद रायपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा लेने के बाद उससे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने वाले को भिलाईनगर पुलिस ने 6 साल बाद गिरफ्तार किया। आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। भिलाईनगर पुलिस ने उसके विरुद्ध वर्ष 2019 में अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता ने मामले की शिकायत 8 अगस्त 2019 को भिलाई नगर थाने में की थी। उसकी नाबालिक बेटी को 6 अगस्त को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया। काल डिटेल के आधार पर उक्त नाबालिग लड़की की निरंतर पतासाजी की। 27 सितंबर 2019 को लड़की मिल गई, लेकिन आरोपी हर्ष दुबे फरार था। पुलिस ने प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि. 3, 4 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



- आरोपी नाबालिग को बहलाकर भगा ले गया था, बनाया था शारीरिक संबंध, भेजा जेल

### नशे के लिए पैसा नहीं दिया तो की मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लक्ष्मी नगर सुपेला में नशे के लिए पैसा नहीं देने पर साथी से मारपीट कर दी। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि रूपेश बिन्ड्रोकर उम्र 30 वर्ष 7 अक्टूबर 2024 को शराब दुकान लक्ष्मी मार्केट सुपेला से शराब खरीदकर पी रहा था। तभी मोनू अपने अन्य एक साथी के साथ आया। मुझे भी शराब पीना है पैसा दे बोला। मना करने पर मोनू एवं उसके साथी ने प्रार्थी से गाली गुफ्तार करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। विरोध करने पर सब्जी काटने वाला चाकू दिखाने लगे। बाद में आरोपी भाग गए। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर खोजबीन शुरू की। गुरुवार को आरोपी मोनू चौहान उम्र 26 साल और उसके साथी छोटू वानखेड़े निवासी शंकर पारा सुपेला को पकड़ा। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



# फुटबॉल खेलकर लौट रहे दो बच्चे कार की ठोकर से घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-2 स्थित राजेश पटेल स्पोर्ट्स परिसर में फुटबाल खेलकर लौट रहे दो बच्चों को लापरवाह कार चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में 10 साल की बच्ची अंशिका गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दूसरा बच्चा हंस भी घायल हो गया। हादसे के बाद दोनों बच्चों को सुपेला के शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को बीएम शाह अस्पताल रेफर किया गया। घटना गुरुवार की सुबह 9 बजे के आसपास की बताई गई है। मामला भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे बापू नगर खुर्सीपार के रहने वाले हैं। रोजाना बच्चे सेक्टर-2 राजेश पटेल स्पोर्ट्स परिसर में फुटबॉल की प्रैक्टिस करने जाते हैं। प्रैक्टिस के बाद लगभग 8:30 से 9 के बीच दोनों लौट रहे थे। इस दौरान एक कार चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए उसे ठोकर मार दी। हादसे में दोनों बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद भट्ठी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को शास्त्री अस्पताल भेजा गया। 10 साल की अंशिका को बीएम शाह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं 12 साल के हंस को मामूली चोटे आई हैं।

- दोनों घायल का उपचार जारी



## जवाहर मार्केट व्यापारी संघ के सहयोग से कराया गया उपलब्ध

# कुलियों ने कहा, की-पेड फोन से नहीं देख पाते ट्रेनों का रनिंग स्टेटस, विधायक ने दिलाया 5-जी मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपने कामों की वजह से लगातार चर्चा में रहने वाले वैशालीनगर विधायक ने गुरुवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन के 23 कुलियों को 5-जी मोबाइल गिफ्ट में दिया।

रिकेश अपने क्षेत्र के भक्तों को वैष्णोदेवी दर्शन को जाने के लिए स्टेशन छोड़ने पहुंचे थे। इस दौरान कुलियों ने उन्हें घेर लिया और अपनी समस्याएं बताई। कुलियों ने कहा कि आपने दुर्ग अधिवक्ता संघ की मदद की, उन्हें गर्मी से बचने के लिए एसी उपलब्ध कराया। हम कुली पिछले लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। वर्तमान समय में स्मार्ट फोन समय की डिमांड है, लेकिन हम आज भी की-पेड फोन चला रहे हैं। इससे उन्हें ट्रेनों की रनिंग स्थिति का पता नहीं चल पाता। इस पर रिकेश सेन ने जवाहर मार्केट व्यापारी संघ को फोन किया, उनसे कुलियों के लिए मदद मांगी। इसके बाद कुलियों को 5-जी सैमसंग कंपनी का फोन उपलब्ध कराया गया। खबर है कि फोन की कीमत करीब 20 हजार रुपए है। इस प्रकार 4.60 लाख रुपए का इंतजाम कर कुलियों को एन्ड्राइड फोन दिलाया। कुलियों ने विधायक से पीएफ-पेंशन की सुविधा से जुड़ी मांग भी रखी, जिस पर रिकेश ने इसे लेकर केंद्र और राज्य शासन को अवगत कराने की बात कही।






# जिले से प्रदेश तक राजनीति गर्म होने के बाद सफाई कर्मियों के बीच सुलह

पिछले सप्ताहभर से चल रहे सफाई कर्मियों का आंदोलन समाप्त हो गया। गुरूवार को सफाई कर्मियों और नगरनिगम आयुक्त के बीच बैठक में सहमति बनने के बाद सुबह से ही एमसीसी और प्लेसमेंट के कर्मचारी काम पर लौट गए थे। सफाई कर्मियों के वापस काम पर लौटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। नगरनिगम आयुक्त द्वारा सफाई कर्मियों के मांगों को लेकर जानकारी दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मिशन क्लीन सिटी के क्रियान्वयन हेतु किसी भी एजेंसी को अनुबंधित नहीं किया गया है। नगरनिगम आयुक्त द्वारा बताई गई हैं कि, राज्य शासन द्वारा जारी मिशन क्लीन सिटी के नए दिशा निर्देशों के अनुसार एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के अंतर्गत समस्त स्वच्छता दीदियों के स्व सहायता समूह को मिलाकर शहर स्तरीय संघ (सीएलएफ) का गठन किया गया है। उक्त संघ लक्ष्मी महिला बहुआयामी शहर स्तरीय संघ, दुर्ग के नाम से संचालित है। वहीं निगम में छग श्रम विभाग से जारी सहायक श्रमायुक्त का न्यूनतम वेतन पत्रक प्रभावशील है कि सफाई कर्मी ठेका व अन्य ठेका श्रमिकों की वेतन दर की गणना सहायक श्रमायुक्त के न्यूनतम वेतन दर माह मई 2025 से वृद्धि की गई है एवं अप्रैल 2025 का एरियस राशि भुगतान करने की कार्यवाही की जा रही है। शासन की दिशा निर्देशों के अनुसार ठेका श्रमिकों को हफ्ते में 1 छुट्टी एवं माह में 1 सीएल का प्रावधान है। साथ ही साप्ताहिक अवकाश के अतिरिक्त अन्य दिवस अनुपस्थित होने पर वेतन की कटौती करने का प्रावधान है। मिशन क्लीन सिटी योजना में कार्यरत सफाई कर्मियों का वेतन की कटौती नहीं किया जाता है। सफाई कामगार मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री रवि सोनी का कहना है कि, वेतन में कटौती के मामले में जल्द ही अंतर की राशि जमा करने की सहमति बनी है। उन्होने बताया कि, अन्य सभी मांगों पर सहमति बन गई। गुरूवार को कर्मी काम पर लौट गए है।

## गुरूवार से काम पर लौटे एमसीसी और प्लेसमेंट के कर्मचारी




### अन्य मांगों पर भी बनी सहमति

मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों में से 62 वर्ष से अधिक एवं स्वास्थ्य की समस्या वाले सफाई कर्मचारियों के परिवार के सदस्य उनके स्थान पर कार्य करने के इच्छुक है, तो आवेदन के आधार पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। आयुक्त ने बताया कि, कर्मियों को अस्थाई पहचान पत्र बनाने एवं सुरक्षा उपकरण प्रदान करने 9 मई को पत्र लिखा गया है। वही वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के ईपीएफओ प्लेसमेंट की राशि भुगतान किए जाने की जानकारी दी गई।

### पूर्व विधायक ने मंत्री से की थी शिकायत

शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने 28 मई को धरना स्थल पर वोरा पहुचे थे। उन्होने बताया कि, धरना स्थल से ही नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को वस्तु स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई। धरना खत्म होने के बाद वोरा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा: ₹मैं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का धन्यवाद करता हूँ। वोरा ने बताया कि, उन्होने महापौर और निगम आयुक्त के कार्यप्रणाली तक की जानकारी दी थी। बुधवार को सफाई कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल और निगम प्रशासन की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी ली थी। वही जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने भी महापौर, विधायक की बैठक लेकर समस्या का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए थे।

## खबर संक्षेप

### सात पीएम आवास के हितग्राहियों का अनुबंध निरस्त

**दुर्ग**। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पोटिया कला में निर्मित 116 आवास में से वर्तमान में 7 आवास हितग्राही अंशदान नहीं पटने की वजह से निरस्त किया गया है। रिक्त आवास हेतु 170 हितग्राही प्रतिक्षारत हैं।जानकारी के मुताबिक सभी हितग्राहियो को फोन के द्वारा सूचित किया जा चुका है। पात्र 170 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया है। प्रतिक्षा सूची में शामिल हितग्राही अगर 3 दिवस पश्चात रकम जमा नहीं किया जाता ऐसी स्थिति में हितग्राहियो का अवसर समाप्त माना जाएगा।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने कृषक प्रशिक्षण



**अंडा**। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमटी में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना अंतर्गत 3 दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय किसानों और स्वसहायता समूहों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में जीवामृत, बिजामृत और गौमूत्र द्वारा कीट नियंत्रक और अन्य प्राकृतिक तकनीकों का उपयोग तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर विस्तृत चर्चा की गई जो खेती को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण को अनुकूल बनाने में मदद करती है। प्रशिक्षण ले रहे कृषकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब अधिकारियों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा एवं कृषि विभाग के कृषि वैज्ञानिक रोशन साहू, सहायक संचालक कृषि एस. कोर्राम , वकृ विअ नवीन खोब्रागड़े, उद्यान अधिकारी एम. वासनिक, मधु साहू और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दिव्या चंद्राकर द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, फायदे, रसायन मुक्त खेती, क्राकृतिक उर्वरक, कीटनाशक व पशुधन का उपयोग मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बताए गए। ग्राम पंचायत आमटी सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया जिससे स्वस्थ आहार की प्राप्ति हो सके। उत्कृष्ट कृषक अशोक चौधरी द्वारा अपने जैविक कृषि अनुभव को किसानों के साथ साझा किया। जसवंत वर्मा आदि मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे का मनाया गया जन्मदिन

**धमधा**। धमधा नगर स्थित बस स्टैंड में ब्लॉक कांग्रेस व नगर कांग्रेस के तत्वावधान में पूर्व मंत्री



एवं साजा विधानसभा के पूर्व विधायक रविन्द्र चौबे का 69वां जन्मदिन मनाया गया। धमधा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता राजीव गुप्ता ने मां त्रिमूर्ति महामाया मंदिर में चौबी के दीर्घायु की कामना के लिए हवन पूजन करवाया गया। इस मौके पर अरुण साहू, रजत नायक, दुखवा पटेल,हिम्मत ढीमर,जितेंद्र वर्मा,ओमनारायण ताम्रकार,केबी वर्मा,जीवन निर्मलकर आदि मौजूद थे।

## पहले पार्किंग नहीं होने पर भी बरती जा रही थी शिथिलता

# मकान में 75 फीसदी पार्किंग होने पर ही नियमितीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

*राज्य शासन द्वारा अनाधिकृत भवन निर्माण के मामले में नया निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत वर्ष 2022 से पहले के प्रकरणों का नियमितिकरण किया जाएगा। नए नियम की माने तो 75 फीसदी पार्किंग की जगह होना अनिवार्य कर दिया गया हैं। हांलाकि इस निर्देश में वर्ष 2022 के प्रकरणों पर ही नियमितिकरण लागू किया गया है। इसके बाद के प्रकरणो पर नियम लागू नही होगा। बल्कि पूरा 75 फीसदी पार्किंग छोडना अनिवार्य किया गया हैं।*

कांग्रेस की सरकार द्वारा पूर्व में सौ फीसदी पार्किंग नही होने पर भी अनुज्ञा से भिन्न यानि अनाधिकृत निर्माण का नियमितिकरण किया जा रहा था। उस दौरान पार्किंग की जगह सौ फीसदी नही होने पर भी जुर्माना लेकर नियमितिकरण किए जाने का प्रावधान था। लेकिन भाजपा की सत्ता आने के बाद जारी निर्देश में कहा गया है कि, 75 फीसदी पार्किंग के लिए जगह छोडने वाले मकानों का ही नियमितिकरण किया जाएगा। इसमें 25 फीसदी की कमी होने पर नियमितिकरण की गुंजाईश रहेगी। इससे अधिक की कमी पाए जाने पर प्रकरणों को नियमितिकरण से वंचित किया जाएगा। राज्य शासन ने भू राजस्व संहिता संशोधन विधेयक 2024 लागू कर दी है। इसका प्रकाशन तीस जनवरी 2025 को किया गया है।

### इस तरह प्रत्येक कार की कमी पर जुर्माना

बताया गया है कि, पार्किंग में निर्धारित स्थान से अगर 25 प्रतिशत से कम पर हर कार स्थान के लिए 50 हजार रुपए, 25 प्रतिशत से अधिक एवं 50 प्रतिशत तक होने पर एक कार के लिए एक लाख रुपए, 50 प्रतिशत से अधिक एवं 100 प्रतिशत तक होने पर प्रत्येक कार स्थान के लिए दो लाख रुपए शास्ति (जुर्माना) लगेगा। यह संशोधन 2022 के पहले अस्तित्व में आए अनियमित निर्माण पर लागू होगा।

### वर्ष 2022 के पहले के प्रकरणों का होगा अब नियमितीकरण



### ढाई हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग

विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार के जाने के बाद वर्तमान सरकार द्वारा पेंडिंग हजारों प्रकरणों पर विचार नहीं किया गया है। बहरहाल सुशासन तिहार के चलते भी बैठक नही हो पाई हैं। हजारों प्रकरण पहले ही विधानसभा चुनाव के कारण पेंडिंग थे, बही लोकसभा चुनाव के चलते भी करीब 2510 प्रकरण आगे नहीं बढ़ पाय। जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 के सितंबर माह में बैठक होने के बाद दुबारा बैठक आयोजित नहीं की गई थी। उल्लेखनीय हैं कि, नियमितिकरण के लिए जिला स्तर पर कमेटी बनाई गई है। जिसकी अध्यक्ष कलेक्टर है।

**2430 प्रकरण निकायों से नहीं मिले:** जानकारी अनुसार नगरनिगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, चरोदा और नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पंचायत पाटन, नगर पालिका परिषद कुम्हारी और तीनों अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, धमधा और पाटन में 11700 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें 9070 प्रकरण टाउन प्लानिंग विभाग को अनुमोदन के लिए मिले है। वही कारीब 2430 प्रकरण निकायों से प्राप्त नहीं हुए हैं। करीब 5623 प्रकरण निराकृत हो चुके हैं। वही आगामी बैठक के लिए 2510 प्रकरण पेडिग है।

### प्रत्येक कार की कमी पर पचास हजार जुर्माना

जारी अधिसूचना अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2024 कहलाएगा, यानि तीस जनवरी 2024 से यह लागू रहेगा। इसमें वर्ष 14 जुलाई 2022 से पूर्व के बने भवन का नियमितिकरण किया जाएगा। इसमें प्रत्येक कार की कमी पर पचास हजार जुर्माना लेकर नियमितिकरण किया जाएगा। जानकारों की माने तो दो लाख तक जुर्माने का प्रावधान है। नए नियम में पांच मीटर के बिल्डअप एरिया में पार्किंग की जरूरत नही होगी।

### पार्किंग अनिवार्य

नए नियम में 75 फीसदी पार्किंग होना अनिवार्य किया गया है। पहले पार्किंग की जगह नही होने पर भी नियमितिकरण हो रहा था। लेकिन अभी पार्किंग अनिवार्य किया गया है।

**-सूर्यभान ठाकुर,** उप संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग दुर्ग

## जांच के दायरे में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी

# सामग्री सप्लाई की रिपोर्ट देने में अफसरों के छूट रहे पसीने

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के डेढ हजार से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों में घटिया सामग्री की सप्लाई मामले में अब तक कलेक्टर को रिपोर्ट नही सौंपी गई है। जिले के आठ परियोजनाओं में सिर्फ दो ही परियोजना की रिपोर्ट पहुंची है। कलेक्टर के निर्देश बाद भी जांच रिपोर्ट सामने नही आने से जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना के अफसर कटघरे में नजर आ रहे है। उल्लेखनीय है कि, जिले के आंगनगाडी केन्द्रों में घटिया स्तर के सामग्री वितरण किए जाने के खुलासे के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जांच के निर्देश दिए थे। उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी जमकर फटकार लगाई थी। सामग्री सप्लाई का पूरा खेल जिला मुख्यालय से अधिकारियों द्वारा किए जाने की बात सामने आ रही है। बहरहाल दो परियोजनाओं की रिपोर्ट ही सामने आई है। जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई एक और दो, अहिवारा, धमधा, पाटन और कुम्हारी में सामग्री अनाज कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सैनिटरी पैड, वज़न मापने की मशीन समेत करोडों रूपए की लागत वाले प्रोडक्ट की सप्लाई की गई है। आंगनबाडी केन्द्रों में जब सामग्री पहुंची तो सहायिका और कार्यकर्ताओं ने घटिया स्तर के सामग्री को लेकर जमकर नाराजगी भी जताई है, जिससे उच्च स्तर से शिकायत के बाद मंत्री ने जांच के आदेश दिए है।

### मंत्री ने भी दिए है जांच के निर्देश

आंगनबाडी केन्द्रों में घटिया सामग्री वितरण को लेकर महिला बाल एवं विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने प्रदेशभर में जांच के निर्देश दिए है। इसी के तहत दुर्ग जिले के डेढ हजार आंगनबाडी भी जांच के दायरे में है। इस मामले में बगैर सत्यापन के सामग्री वितरण की बात सामने आ रही है। जबकि इसकी जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना अधिकारी की थी।

### नहीं मिले

जिले के कुछ ही परियोजनाओं से जानकारी भेजी गई है। सभी से रिपोर्ट मांगे गए है। जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

## पथरिया में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट से बनेगी खाद

- ग्रामीण स्वच्छता की दिशा में बड़ा कदम

**दुर्ग**। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन और जनपद पंचायत धमधा के सहयोग से ग्राम पंचायत पथरिया एस में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का सफल क्रियान्वयन किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं सीईओ के नेतृत्व में इस स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण परियोजना को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रारंभ किया गया। एफएसटीपी की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। चूंकि सेप्टिक टैंक तकनीक से निर्मित शौचालयों का उपयोग 3 से 4 वर्ष हो चुका है, अब इन टैंकों को खाली कराने का अभियान भी सक्रिय रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्देश्य सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ठोस और तरल अपशिष्टों का सुरक्षित रूप से निपटान करना, रोगाणुओं, बैक्टीरिया और विषाणुओं को समाप्त करना, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना तथा स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि, फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्वच्छता सुविधा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूती प्रदान करती है। इस प्लांट में फिकल स्लज को संकलित कर विशेष वाहनों के माध्यम से प्लांट तक लाया जाता है।

## बैठक में बनी रणनीति

# कांग्रेस निकालेगी संविधान बचाओ रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिलेभर के वरिष्ठ नेता

आगामी 2 जून को संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर गुरूवार को राजीव भवन दुर्ग में दुर्ग जिले के कांग्रेस के जनप्रतिनिधि जिला अध्यक्ष कार्यकर्ता का बैठक हुई। जिसमें दुर्ग ग्रामीण दुर्ग शहर व भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में होने वाली जिला स्तरीय संविधान बचाव रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, साथ ही दुर्ग जिले के सभी कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता महापौर,पार्षद, जिला पंचायत जनपद सदस्य पंच सरपंच संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा द्वारा केंद्र में सरकार बनने के बाद लगातार बाबासाहेब के द्वारा रचित आदर्श संविधान को बदलने का कोशिश प्रयास किया जा रहा है। पूर्व विधायक अरुण वोरा व प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि देश का संविधान बाबा भीमराव अंबेडकर ने देश में क्षमता व समानता के लिए संविधान लिखा था और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस संविधान के अनुरूप ही देश के विकास की आधारशिला रखी थी। बैठक में दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, धर्मेंद्र यादव, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, शंकरलाल ताम्रकार, भिलाई महापौर नीरज पाल, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, राजेश यादव बृजमोहन सिंह सीजू एंथोनी प्रवक्ता नासिर खोखर, संजय कोहल राजकुमार नारायणी जयंत देशमुख वरुण केवल तानी कन्या ढीमर अशोक साहू क्षितिज चंद्राकर, सनीर साहू, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष ठाकुर स्वागत



**उतई**। दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर पंचायत उतई आगमन पर उतई कांग्रेस कमेटी उतई द्वारा राकेश ठाकुर का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ 2025 प्रारंभ होने के पूर्व कृषि कार्यों की तैयारी के संबंध में खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न विभागीय योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के प्रति जागरूक करने तथा किसानों द्वारा किये गये नवाचार के संबंध में फीडबैक के आधार वैज्ञानिक द्वारा कृषि अनुसंधान की आवश्यक दिशा निर्धारण के उद्देश्यों से चलाया जाना है।



जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन टीमें प्रति विकासखण्ड हेतु बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2-2 ग्राम प्रति विकासखण्ड एवं जिले में कुल 78 ग्रामों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। पाटन हेतु रथ को सासंद विजय बघेल, दुर्ग हेतु रथ की रवानगी विधायक ललित चन्द्राकर एवं जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार, कलेक्टर अभिजीत सिंह तथा विकासखण्ड धमधा हेतु रथ की रवानगी विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## मोर गांव-मोर पानी: जल संरक्षण की ओर सार्थक कदम

# शहर की तरह गांव में बनेगा रैन वाटर हार्वेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर की तरह अब गांव के मकानों में भी रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य होगा। हितग्राहियों के खर्चे पर निर्माण कराने जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जाएगा। जिसे मोर गांव, मोर पानी महाअभियान का नाम दिया गया है। इसके अंतर्गत व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही है, जिसे "एकेच गोठ, एकेच बानी ''बूँद-बूँद बचाबो पानी" का नाम दिया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में यह अभियान गांव-गांव में सक्रियता से संचालित किया जा रहा है।पाटन विकासखंड के ग्राम भरर में समाधान शिविर के दौरान मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, महिला स्व-सहायता समूहों और मनरेगा श्रमिकों ने जल संरक्षण एवं उसके संवर्धन की जिम्मेदारी ली। जनपद पंचायत पाटन में "जल है तो कल है" के नारों के साथ ग्रामीणों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया और जल बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य केवल जल को बचाना नहीं, बल्कि समाज में जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आदत विकसित करना और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन को बढ़ावा देना भी है। कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल संचयन के महत्व को समझाया गया और भूजल स्तर में गिरावट को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों को मानसून से पहले और बाद में भूजल स्तर की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही वृक्षारोपण, भूजल दोहन में कमी और समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित कर इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।




### बताई गई जलस्तर बढ़ने की खूबियां

इस अभियान में महिला स्व-सहायता समूहों, विशेष रूप से बिहान की दीदियों ने प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के सरल उपायों की जानकारी दी। घर-घर जाकर उन्होंने लोगों को बताया कि, किस तरह वर्षा जल संग्रहण किया जा सकता है, पुराने कुओं और तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा सकता है, नलों की लीकेज को रोका जा सकता है और फसल चक्र अपनाकर कम पानी में खेती की जा सकती है।

### जल बचाने दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में एक शपथ समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने पानी की बर्बादी रोकने, वर्षा जल संचयन करने और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने का संकल्प लिया। साथ ही, गांव की दीवारों पर जल संरक्षण से जुड़े प्रेरणादायक नारे लिखे गए और एक पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जिले की अन्य पंचायतों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। अब गांव के लोग घर-घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने और पानी का सुदपयोग करने के लिए प्रेरित हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### महावीर उद्यान धनोरा में मनाई शनि देव जयंती

**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा के तत्वावधान में महावीर उद्यान पर धूमधाम के साथ शनि देव जयंती मनाया गया। सुबह से ही महावीर उद्यान में विराजे शनि देव की पूजा पाठ करने भक्तों का लाइन लगा हुआ था। फूटे चना, गुड़, काला तिल, सरसो का तेल चढ़ाकर भक्तों ने अपने घर परिवार के लिए प्रार्थना किये। इस अवसर पर दरबार के विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू रायपुरीहा, भोलू साहू, खिलेश्वर साहू, गुलाब आदि उपस्थित थे।

## निधन

### हरेंद्र सिंह तोमर

**भिलाई।** सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक, महाराजा चौक आदर्श



नगर निवासी, क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य हरेंद्र सिंह तोमर का 28 मई को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 30 मई को दोपहर 2 बजे दुर्ग में शिवनाथ नदी के तट पर किया जाएगा। वे संध्या सिंह के पति, अभिषेक, आकांक्षा, आर्यन सिंह के पिता व माधव सिंह के समधी थे।

### रामलाल बंजारे

**जामगांव आर।** टेमरी निवासी रामलाल बंजारे उम्र 95 वर्ष का



गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे धनेश बंजारे, केशव बंजारे, तुलसी, लक्ष्मी, निर्मला के पिता थे।

### कमलेश सोनवानी

**सेलूद।** ग्राम चुनकट्टा निवासी कमलेश सोनवानी का आकस्मिक



निधन 28 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 मई को ग्राम चुनकट्टा के मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व शिक्षक हृदय सोनवानी के पुत्र एवं मोनू सोनवानी के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### गुलशन साहू

**भिलाई।** वार्ड क्रमांक 7 नहर नाली



पार जामुल निवासी गुलशन साहू उम्र 25 वर्ष का आकस्मिक निधन 29 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार जामुल के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अर्जुन साहू के पुत्र व भारती साहू के पति और प्रियांश साहू के पिता थे।

### अनीता पांडेय

**भिलाई।** कान्हा पार्क निवासी



अनीता पांडेय (नीतु) का निधन 29 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील पांडेय की पत्नी, श्रुती पांडेय की मां और सचीन, नीतिन शर्मा की बहन थीं।

### ईश्वरी देवी चंद्राकर

**भिलाई।** आदित्य पथ जोन 2 स्ट्रीट 6 बी न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी



ईश्वरी देवी चंद्राकर का निधन 29 मई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 मई को सुबह 11 बजे निवास स्थान से शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे केशव चंद्राकर अर्जुंदा वाले की पत्नी और श्रद्धा चंद्राकर, विश्वास चंद्राकर, संकल्प चंद्राकर, धीरज चंद्राकर व स्वामी सुहृदानंद की मां थीं।

### पीएम आवास हितग्राहियों के निर्माणाधीन मकानों का किया अवलोकन

# हांफ रही पीएम आवास योजना, मकान बनाने नहीं मिल पा रही राशि, जो मिली वो नाकाफी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जमीनी हकीकत जानने के लिए जिला कॉंग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर आवास हितग्राहियों के घर पहुंचे। ठाकुर अपने दौरे के दौरान सर्वप्रथम पाटन विधानसभा के ग्राम चीचा पहुंचे जहां आवास हितग्राहियों के निर्माणधीन मकान का जायजा लिया और हितग्राहियों से चर्चा किया। कुछ हितग्राही शासन द्वारा प्राप्त कम राशि की वजह से निर्माण पूर्ण नही कर पाए हैं तो कुछ तो कुछ हितग्राही परिवार सहित अगली किश्त प्राप्त नही होने की स्थिति में सार्वजनिक कला मंच पर निवास करने मजबूर हैं। ग्राम चीचा के आवास हितग्राही बिशहत यादव व द्वारिका राम साहू बताते हैं कि शासन द्वारा आवास निर्माण के लिए प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं लेकिन उक्त राशि काफी कम है। हम गरीब परिवार के होने के कारण कोई भी दुकानदार हमें उधारी नही देते हैं वहीं मिस्त्री भी पैसों के आभाव में काम रोक देते हैं। हितग्राही पुनीत राम ठाकुर अपना दुखड़ा सुनाया कि कच्ची मकान में दबने से उनकी पत्नी की मौत हो गई उसके बाद कहीं जाकर आवास का प्रथम किश्त प्राप्त हुआ तो आज तक 2 वर्षो में अगला कोई किश्त ही प्राप्त नही हुआ। अपने पत्नी को खोने के बाद पुनीत राम अपने परिवार के साथ तंबू जैसी स्थिति में घास-फुस का सहारा लेकर निवास करने लगा तब ग्रामीणों के सहयोग से निर्माणधीन स्थिति में लाकर निवास कर रहे हैं।

### मांग पूरा नही होने पर जिला पंचायत के सामने प्रदर्शन करने दी चेतावनी



#### गरीब परिवार की स्थिति है खराब

जिलाध्यक्ष ठाकुर ग्राम गाड़ाडीह, मुड़पार के हितग्राही देवेंद्र गेडाम, राधेलाल यादव, चंद्रशेखर यादव, मेघनाथ पटेल के निर्माणाधीन आवास का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। ज्यादातर हितग्रहियों का कहना था कि वर्तमान में शासन द्वारा आवास निर्माण के लिए विभिन्न किश्तों में मात्र 1 लाख 20 हजार रुपये दिया जा रहा है जिससे आवास निर्माण तो क्या प्रारंभ भी नही किया जा सकता। गरीब परिवार की स्थिति इतना अच्छा नही होता कि वह अपने से कुछ पैसा लगा सके। शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि बहुत ही कम है जिसे बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार व मनरेगा मजदूरी 15 हजार से 50 हजार कुल 3 लाख रुपये तक किया जाना चाहिए।

#### प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी

दौरे के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि आज आवास हितग्राहियों से मुलाकात करने निकले थे, स्थिति का भी जायजा लिया कोई बेघर है तो किसी के परिवार वाले कच्चे मकानों के हादसों का शिकार हो रहा है, ग्राउंड पर स्थिति बहुत ही खराब है। प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। इच्छा मृत्यु की मांग करने वाले हितग्राही को अधिकारी हल्के में ले रहे हैं। ये सब हम बर्दास्त नही करेंगे। तत्काल आवास राशि को 1 लाख 20 हजार से बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार व मनरेगा मजदूरी 15 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कुल 3 लाख रुपये किया जाना चाहिए। इस विषय को लेकर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जल्द ही मांग पूरा करने प्रधामनंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तय समय मे मांग पूरा नही होने पर जिला पंचायत परिसर दुर्ग के सामने हितग्राहियों के साथ तंबू लगाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष ठाकुर ने इस विषय को जल्द हल करने की बात कही।

इस दौरान विक्की चंद्राकर, अमृत राजपूत, सोमेश चंद्राकर, लोचन यादव, हरि कश्यप, कुणाल मिथलेश, पालेश्वर ठाकुर, श्यामाचरण मनहर, हितेश निर्मलकर, लक्की यदु, तिवारी बाल किशोर, किशन भारती, शत्रुहन यादव, चंद्रशेखर यादव, परमेश्वर मार्कण्डेय, बल्लू यादव, जगत राम यादव, मेघनाथ पटेल, केवल यादव, जीतू बाल किशोर, प्रवीण यादव, संतलाल महिलवार, कुंदन साहू, सुखित ठाकुर, कान्तिदेवी साहू, राजकुमारी साहू, बिसनतींन साहू, गंगा यादव, जीवराखन साहू, दौलत यादव आदि उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण होने से आवागमन में होगी सुविधा: विधायक ईश्वर

**धमधा।** धमधा ब्लॉक के ग्राम जाताघर्रा से कन्हारपुरी तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया था जिसमें साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। विधायक साहू विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भूमि पूजन किये गए सड़क की कुल लम्बाई 3.50 किलोमीटर लंबी होगी, जिसकी निर्माण लागत 481.71 लाख अर्थात 4 करोड़ 81 लाख 71 हजार रुपये है। सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्राथमिक मांगों में से एक रही है। इसके पूर्ण होने से न केवल ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत धमधा के अध्यक्ष लिमन साहू, मंडल अध्यक्ष धमधा लोकेन्द्र भट्ट, अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा श्वेता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि रोहित राजपूत, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा रमनलाल यादव, देवी वर्मा, सुखराम वर्मा, धरमपाल वर्मा, सागर वर्मा, बुधारु साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी ग्रामवासी उपस्थित थे।



## सामाजिक एकता और संस्कृति को सशक्त बनाने की है आवश्यकता : सांसद विजय




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग का संयुक्त आयोजन शपथ ग्रहण समारोह , जनप्रतिनिधि सम्मान कार्यक्रम महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभभाई पटेल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल अध्यक्ष छग प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज एवं सांसद दुर्ग लोकसभा, ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग, अल्का बघमार महापौर दुर्ग, मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका कुम्हारी, लता ऋषि चंद्राकर राष्ट्रीय महिलाध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा, मन्नुलाल परगनिहा, कीर्ति नायक जनपद अध्यक्ष पाटन, माधुरी परगनिया जनपद अध्यक्ष बेरला जिला बेमेतरा, नीलम चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, प्रीतपाल बेलचंदन, तारा चंद्राकर सहित दुर्ग जिले की कुर्मी समाज के समस्त जनप्रतिनिधि सामाजिक पदाधिकारी के साथ पूरे प्रदेश से कुर्मी समाज के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि गण शामिल हुए। दुर्ग जिला के कार्यकारिणी व पदाधिकारी का शपथ ग्रहण कर सम्मान किया गया। लता ऋषि चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा की हम पद में रहें न रहें लेकिन सम्मान सभी का होना चाहिए हमारे 27 फिरका है लेकिन सभी को हम ने एक मंच पर लाया सभी का रोटी बेटी का संबंध बना रहे। वहीं सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा की छत्तीसगढ़ के प्रदेश से दूर दराज से समाज के प्रतिनिधि आज आए जिनका मैं हृदय से सम्मान करता हूं। ये समाजिक की भावना है सुनील चंद्राकर एक व्यापारी होने के नाते भी अपने समाज के प्रति उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है जो हमेशा अपने समाज के लिए वक्त भी देते रहे हैं। हमारे समाज के मान सम्मान के लिए बेटा बेटी राजनीति व्यापार शिक्षा के क्षेत्र में नाम कमाते हैं तो हमारे समाज का मान सम्मान बढ़ता है। खुद के नाम के साथ समाज का भी नाम बढ़ता है जब खुब चंद जी का नाम जब सरकार ने हटाया तो हमारे समाज को बहुत दर्द हुआ।

■ छग प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज का शपथ ग्रहण सामारेह

### द्वारिका बने नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष



**उतई।** नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक 9 के युवा पार्षद द्वारिका साहू नेता प्रतिपक्ष बने। रेस्ट हाउस उतई में आयोजित बैठक में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर की सहमति से घोषणा की गई। इस दौरान पार्षद राकेश साहू, रमशिला नेताम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादुर नेताम, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, तोषण साहू, बीरेंद्र गोस्वामी, जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, घनश्याम गजपाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधायक ललित ने किया 244 लोगों को आबादी पट्टा वितरण

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खाड़ा में बुधवार को आयोजित स्वामित्व अधिकार अभिलेख योजना अन्तर्गत आबादी पट्टा वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर गांव के कुल 244 पात्र हितग्राहियों को उनके भूमि स्वामित्व के प्रमाण स्वरूप पट्टे वितरित किए, जिससे वे अब कानूनी रूप से अपनी संपत्ति पर अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। अब स्वामित्व कार्ड के जरिए लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ के साथ बैंकों में भी आसानी से लोन मिल पायेगा। ये आपके जमीन का अब शासकीय दस्तावेज हैं सभी जगह उपयोग में आयेगा।



कार्यक्रम में इन हितग्राहियों को पट्टा मिला जिसमें तखत देशमुख, टीकम देशमुख, रोहित देशमुख, बाबू लाल देशमुख, दीपनारायण यादव, नेमसिंह देशमुख, श्रवण ठाकुर, भरत लाल ठाकुर, दशरथ देशमुख, सुन्दर लाल निषाद, लीलाधर निषाद, मथुरा ठाकुर आदि हैं।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन में शामिल हुए विधायक कुंवर सिंह

# सामूहिक विवाह दहेज मुक्त समाज की दिशा में एक मजबूत संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ ग्राम सिरसिदा जगभाटा ओटेबंद मंदिर परिसर में एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन किया गया जिसमें 37 जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद विधायक विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही एवं विशिष्ट अतिथि चेमन देशमुख जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद, पुरुषोत्तम लाल चंद्राकार अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, नीतीश मोंटी यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, प्रमोद जैन अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही, हेमलता देशलहरा सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद



पंचायत गुण्डरदेही, जीवनलाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत ओटेबंद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा समाज की सबसे गलत प्रथाओं में से एक है। इससे बेटियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सामूहिक विवाह दहेज मुक्त समाज की दिशा में एक मजबूत संदेश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से नवविवाहित जोड़े समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। यह योजना विवाह के अनावश्यक खर्च से राहत देने और नवदंपतियों को आर्थिक सहयोग देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष चैमन लाल देशमुख ने कहा कि सभी 37 नवविवाहित जोड़ों को दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गायत्री परिवार को कार्यक्रम में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान ने भी वर-वधू को शुभकामनाएं दीं। महिला एवं बाल विभाग विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार खलेश्वरी नेताम परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुंडरदेही के द्वारा किया गया एवं महिला बाल विकास मुख्यमंत्री कन्या विवाह सफल आयोजन किया गया, जिसमें आये हुए वर-वधु के परिजन समस्त अतिथिगण, जनप्रतिनिधि एवं आसपास के ग्रामीण जन इस कार्यक्रम से संतुष्ट हुए।

## अंचल की खबरें

### स्थानांतरण के बाद भी सचिव प्रशासन के आदेश की अवहेलना करते हुए नहीं दे रहे चार्ज




**धमधा।** धमधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरहापुर के पुराने सचिव पुनीत कोठारी का जिला प्रशासन द्वारा पंचायत से स्थानांतरण कर दिया गया था जिसके चलते ग्राम पंचायत बरहापुर में नए सचिव शंकर पटेल को प्रभार दिया गया। वहीं इस आदेश को जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा पारित किया गया। इस आदेश को 14 दिन हो गए लेकिन अभी तक पूर्व सचिव पुनीत कोठारी ने अभी तक नए सचिव को अपना चार्ज नहीं दिया है। आम लोगों के बताए अनुसार सचिव अपने स्थानांतरण को रोकवाने के लिए नेताओं के चक्कर काट रहे हैं और पुनः बरहापुर पंचायत में पदस्थ होना चाहते हैं। जिससे ग्रामीण जनो में असंतुष्टि दिखाई दे रही है। सचिव पुनीत कोठारी के रूखे व्यवहार और विकास कार्यों में रोक टोक जैसे रवैया के कारण ग्रामीणों के शिकायत में जिला प्रशासन द्वारा पंचायत से हटाया गया था। वहीं इस मामले की जानकारी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दे दिया गया है बावजूद सचिव के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं इस मामले की जानकारी धमधा अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया है और इस समस्या निराकरण करने की मांग की है।

### मनरेगा को कमजोर कर मजदूरों के साथ अन्याय कर रही भाजपा सरकार: ताम्रध्वज



**उतई।** दुर्गग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करगाडीह, बोरीगारका, जंजगिरी, मतवारी, रिसामा, मातारोडीह एवं कातरो में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन उनकी मदद कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ से कांग्रेस पार्टी में नए लोगों के साथ महिलाओं एवं युवाओं को भी जोड़ने का आह्वान किया है।

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू विभिन्न ग्राम में जनसंपर्क कर लोगों से संवाद कर रहें है और उनकी समस्यायों से विभागीय अधिकारियों को निरंतर अवगत करा रहे। उन्होंने ने सभी ग्राम में जो सबसे बड़ी समस्या है गांव के लोगों को मनरेगा में काम नहीं मिलना, जबकि कांग्रेस के सरकार में प्रतिव्यक्ति को 100 दिनों का कार्य दिया गया था। लेकिन भाजपा की डबल इंजीन की सरकार मजदूरों को काम नहीं देकर उनके साथ अन्याय कर रही है।

साहू ने कहा कि हमारे जिले में करीब 1,50,000 मजदूर मनरेगा के तहत काम करते थे, लेकिन अब सिर्फ 10,000 मजदूरों को ही काम मिल रहा है। इससे मजदूरों की आजीविका प्रभावित हो रही है, और बेरोजगारी के कारण वे घर-परिवार छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चन्द्रकार, अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू आदि मौजूद थे।

### मर्रा में हुआ ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण



**सेलूद।** सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला दुर्ग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025-26 का आयोजन ग्राम मर्रा में 9 से 29 मई तक संचालित था, जिसका समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खिलेश वर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधक समिति मर्रा, लालाराम वर्मा योगाचार्य, संतोष कुमार यादव पीटीआई मर्रा, प्रदीप भुवाल, ईश्वरी देशमुख, भूपेन्द्र कुमार हिरवानी फुटबॉल प्रशिक्षक खे.यु.क.एवं खेलों इंडिया लघु केन्द्र कबड्डी प्रशिक्षक भरत लाल ताम्रकार के उपस्थिति में समापन समारोह हुआ। छग खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्र ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर कबड्डी एवं भारत्तोलन में बालक-बालिकाओं खिलाडियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया एवं विलियम लकड़ा सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## बिजनेस साइट

### जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक के कंट्री हेड बेंजामिन राजकुमार जैल्दी का छत्तीसगढ़ दौरा रहा सफल



**भिलाई।** जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं नेशनल हेड (एचएनआई बैंकिंग) बेंजामिन राजकुमार जैल्दी का हाल ही में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ दौरा बेहद सफल और सार्थक रहा। इस अवसर पर उन्होंने दुर्ग में छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित उद्योगपति कैलाश जैन बरमेचा से भेंट की। बरमेचा कमला मोटर्स, बरमेचा एलिवेटर्स, बरमेचा टेक्सटाइल्स एवं बरमेचा फाइनेंस के संचालक हैं। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान बैंक के बिजनेस डेवेलपमेंट, ग्राहकों की अपेक्षाएं एवं भविष्य में संभावित आपसी हितों पर आधारित व्यावसायिक सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही, फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाओं, निवेश विकल्पों और बैंक की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहलों को लेकर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक के छत्तीसगढ़ रीजनल हेड सचिन अवस्थी, दुर्ग शाखा की असिस्टेंट मैनेजर प्रियंका भट्टाचार्या तथा कमला मोटर्स के डायरेक्टर पद्मेश जैन बरमेचा भी उपस्थित थे। यह दौरा बैंक और स्थानीय व्यापारिक समुदाय के बीच संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने तथा क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

# साडा कार्यकाल में रियायती दर पर प्लाट खरीदी पर बनाया नहीं, 1500 लोगों को अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व साडा एवं वर्तमान नगर पालिक निगम भिलाई में 1500 से अधिक भूखण्डों के मालिक है। जिनके द्वारा आवासीय, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसायिक भूखण्ड खरीद कर रखा गया है, उनके द्वारा मकान नहीं बनाया जा रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा उन्हे बार-बार नोटिस दिया जा रहा है, मकान बनाने के लिए। जिस समय भूखण्ड आबंटन किया गया था, उस समय रजिस्ट्री में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि 2 वर्ष के अंदर मकान बनाना अनिवार्य रहेगा। जिन्हे मकान एवं दुकान की आवश्यकता थी, उनके द्वारा मकान बना लिया गया है। बहुत से ऐसे नागरिक है, जो इनवेस्टमेंट के नाम पर नगर निगम से भूखण्ड खरीद लिए है, वे मकान नहीं बना रहे है। इसकी शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा भी की जा रही है। उक्त मकानों में बड़े-बड़े पेड़ उग गए है। पड़ोसियों द्वारा कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। सांप बिच्छू निकल रहे हैं। इससे निगम की बहुत क्षति हो रही है। भूखण्ड आबंटन की शर्ते यही होती थी कि संबंधित व्यक्ति के नाम पर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में निवास या व्यापार के लिए अन्य भूखण्ड नहीं होना चाहिए।

## एमआईसी के फैसले के बाद 1500 भूखंडधारियों को 31 मार्च 2026 तक निर्माण करने का समय तय



### अधिभार जमा करना होगा 1500 लोगों को

पूर्व में महापौर परिषद एवं सामान्य सभा के माध्यम से भी समय-समय पर मकान बनाने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाती रही थी, परन्तु अब केबल 10 माह शेष है। 31 मार्च 2026 के बाद कोई सुनवाई नहीं होगी। मकान बनाने से पूर्व उन्हे नगर निगम भिलाई में रिक्त भूमि का अधिभार जमा करना पड़ेगा, ततपश्चात नियमानुसार भवन अनुज्ञा प्राप्त करना होगा। तब जाकर कहीं भवन निर्माण किया जा सकता है।

### प्रियदर्शनी सहित इन पॉश कालोनियों में लिया प्लाट

शुरू में सस्ते दरों पर नेहरू नगर, प्रियदर्शिनी परिसर, राधिका नगर, पावर हाउस, जवाहर नगर, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला मार्केट, होजयारी मार्केट आदि जगहों पर प्लाट ले लिया गया है। जो शुरू में क्षेत्रफल के अनुसार लगभग 80 से 90 हजार रूपये का प्लाट होगा, उसकी कीमत अब उसके बाजार भाव के अनुसार 50 लाख से अधिक की हो गई है। कुछ ऐसे भी लोग है, जो वर्तमान में भिलाई शहर से अन्य शहरों या विदेशो में निवास कर रहे है, उनके द्वारा भी भूखण्ड लेकर इनवेस्टमेंट के नाम पर छोड़ दिया गया है। कुछ ऐसे भी प्लाट है, जो क्रेता-विक्रेता आपस में खरीदी बिक्री कर लिए है। उनका पूर्व में निगम द्वारा आबंटित तिथि से ही रजिस्ट्री मान्य किया जाएगा।

### अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश

बैठक के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी एवं भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को अंतिम बार नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किए कि सभी को सूचित कर देवें। अब आगे इस संबंध में किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी। बैठक के दौरान सुशासन तिहार के आवेदनों को 31 मई तक निराकृत करने, जल कर एवं संपत्तिकर की वसूली, बरसात से पूर्व नालों की सफाई, निर्माण से संबंधित बिन्दुओ पर आयुक्त द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, लेखाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंतागण, जोन के राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्थापना शाखा आदि के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणी पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार कार्यक्रम स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा थे। एसएमएस-3 विभाग के बृजनन्दन राम, दिलीप कुमार, लोचन कुमार ठाकुर, नारायण गौतम, विनय कुमार सिंह तथा गंगाधर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन को सराहा।

इस अवसर पर महाप्रबंधक पुष्पा एमब्रोस, डीएल कुमार, पी सतपथी, एसके मिश्रा व डीके वार्ष्णेय, उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, सोनू चौरसिया और एलसी गुप्ता ने किया।

### बीएसपी को मिलेगा ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड



**भिलाई।** स्वास्थ्य संवर्धन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र को ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान संयंत्र को प्रमोशन ऑफ हेल्थकेयर श्रेणी में प्रदान किया जाएगा।यह राष्ट्रीय पुरस्कार सीएसआर समिट के दौरान 14 जून को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार समिति के जूरी सदस्यों ने संयंत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सीएसआर पहलों का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयन किया है। इन पहलों में निरंतरता, प्रभाव और व्यापकता जैसे मापदंडों पर संयंत्र का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 के लिए पुरस्कार घोषणा पत्र कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर जीएम शिवराजन, टीए राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एसके कामड़े व उप प्रबंधक केके वर्मा उपस्थित थे।

## यूनियनों ने कहा जीवन स्तर उठाने गंभीर हो प्रबंधन और सरकार

# बीएसपी की बदली तस्वीर, नहीं बदली बाइस हजार ठेका मजदूरों की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले हजारों ठेका मजदूरों को निजी कंपनियों और प्रबंधन की सुस्ती का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के बाद भी मजदूरों और कर्मचारियों के वेतन और सुविधाओं में जमीन आसामान का फर्क है। इसके चलते श्रमिक बदहाली का जीवन गुजार रहे हैं। श्रमिकों के लंबित वेतन समझौता की मांग को लेकर सेल व लोकल प्रबंधन गंभीर है और न ही वह इनका वर्षों से चौतरफा शोषण करने वाले ठेकेदारों पर ही अंकुश लगाने में सक्षम साबित हो रहा है। इससे इस तबके में असंतोष बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूरों की तकदीर बदलने लंबित लंबित समस्याओं का निदान प्रबंधन और सरकार के लिए लाइलाज समस्या बनकर रह गई है। बीएसपी में करीब 22 हजार मजदूर काम कर रहे हैं और पूरे सेल में इनकी तादाद 1 लाख से ऊपर है। इनका बीएसपी सहित सेल को उत्पादन सहित सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुंचाने में योगदान नियमित कर्मियों से किसी भी दृष्टि से कमतर नहीं है। उत्पादन व रखरखाव से जुड़े, मेंटेनेंस क्लीनिंग व हाउसकीपिंग सहित स्थाई प्रकृति के तमाम काम करने और बीएसपी तथा इनके सेल का भविष्य होने के बाद भी प्रबंधन बदहाल मेहनतकशों की आर्थिक स्थिति यानी जीवन नियमित कर्मियों की तरह बनाने को लेकर असंवेदनशील बना हुआ है। कई बार आंदोलनों के बाद भी मजदूरों के हिस्से में शोषण से निदान के बजाए महज आश्वासन ही आया है।

### ठंडे बस्ते में वेतन समझौता से बढ़ रहा असंतोष



### मजदूरों की प्रमुख मांगें

वेतन समझौता जल्द हो। बीएसपी के एस- ग्रेड कर्मचारी के वेतन के बराबर वेतन निर्धारित करें 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए, 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए। श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने और सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए । ठेका प्रारंभ के 1 माह पूर्व मेडिकल किया जाए। ठेके में आईटीआई और 12वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त कर अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए। ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए और नाइट एलाउंस के साथ साइकिल- कैंटीन भत्ता और हिट तथा डस्ट अलाउंस दिया जाए।वेतन पर्ची,लीव कार्ड और अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दें और मंथली इंसेंटिव और नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। बीएसपी स्कूलों में बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षित किया जाए।

### बदहाली से निजात दिलाएं

“ अधूरे सेफ्टी उपकरणों, संसाधनों, अल्प वेतन और और जोखिम में काम करने के बाद भी मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रबंधन सरकार व श्रम विभाग आश्वासनों से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। मेहनतकशों के योगदान को देखते हुए बदहाली से जल्द निजात दिलाई जाए।

**जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी,** जीएस सीटू

### जल्द हो वेतन समझौता

“ हजारों श्रमिक ठेकेदारों के अल्प वेतन पर काम करने मजबूर हैं। छुट्टियों का पैसा काटने के साथ बोनस भी कम देते हैं और सभी भत्तों से वंचित हैं। 4 साल पूर्व एनजेसीएस बैठक में यूनियनों का वेतन समझौता का मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। श्रमिकों के लिए एस-1 ग्रेड के कर्मचारी के बराबर 26 हजार वेतन और अन्य वित्तीय सुविधाओं व बोनस की मांग कर रहे हैं।

**संजय साहू,**
अध्यक्ष स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक

# पूरे देश में एक समान हो परिवहन कानून



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा अपनी ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के निदान के लिए ट्रांसपोर्टरों को एकजुट करने का प्रयास तेज कर दिया है। एसोसिएशन की रामजानकी मंदिर में हुई बैठक में संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत करने के साथ कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में भिलाई व रायपुर के ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।

- छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो की बैठक में कई अहम निर्णय

प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि बैठक में यूनियन को नए सिरे से मजबूत करने पर सहमति ली गई, प्रदेश में जिला वार संगठन बनाने,चेकपोस्टों पर मनमानी वसूली , कुम्हारी टोल नाका पर दबंगई से अवैध वसूली व उड़न दस्ता की मनमानी पर चर्चा हुई। एक नेशन एक इलेक्शन को ध्यान में रखते हुए सभी ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों ने सरकार से मांग की कि परिवहन कानून भी पूरे भारत में एक समान होनी चाहिए । पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार विश्नोई, रणजीत सिंह वालिया महासचिव हरेंद्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी विशेष रुप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन कमल अग्रवाल ने किया। सभी सदस्यों ने ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में हो रहे परेशानियों के निदान का संकल्प लिया।, संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने कहा की उम्मीद करता हूं की सभी लोग इस संगठन को मजबूत करने में अपनी 100% सहभागिता देंगे । सभी ईमानदारी से समर्थन देंगे तो हमारा संगठन पुनः जिंदा हो पाएगा । सभी ने समर्थन दिया कि पूरे प्रदेश में ट्रांसपोर्ट यूनियन का मजबूत संगठन बनना चाहिए। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय बड़े हाथों में जाते हुए दिख रहा है जो छोटे ट्रांसपोर्टर हैं धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं अगर आज के समय में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय बचाने पर ध्यान दिया गया तो छोटे ट्रांसपोर्टर बेरोजगार हो जाएंगे। बैठक में बलजिंदर सिंह कलेर, पंकज सेठी, गोपी अरोरा, अजय डालमिया, जगत राम बावन कुरे, अरुण कुमार बैठा गुरप्रीत सिंग धींगरा, सतीश अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह सैनी, नवीन शर्मा, संजय भारद्वाज, दया सिंह आदि उपस्थित थे।

# बच्चे सीख रहे कला संगीत के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा मिश्रित हायर सेकंडरी स्कूल बीएमवाय चरौदा में बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक शिविर 25 मई से 6 जून तक आयोजित किया जा रहा है। निशुल्क शिविर में वरिष्ठ रंगकर्मियों द्वारा बच्चों व युवाओं की प्रतिभा को तराशा जा रहा है।

- बीएमवाय चरौदा मिश्रित स्कूल में रेलवे का बीस दिवसीय सांस्कृतिक शिविर



आयोजन रेलवे इंस्टीट्यूट बीएमवाय व मिश्रित हायर सेकेंडरी स्कूल की सहभागिता से कार्मिक विभाग द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग की पहलकदमी से आयोजित किया जा रहा है। उदघाटन मुख्य अतिथि प्रसन्ना आर लोध कार्यकारी अध्यक्ष रेलवे इंस्टीट्यूट, विशेष अतिथि डी विजय कुमार मंडल समन्वयक रेलवे मजदूर कांग्रेस ने किया। मुख्य अतिथि ने आयोजन व बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि पैरेंट्स बहुत जागरुक है। सही मार्गदर्शन से बच्चे मनचाहे फील्ड में नाम व पैसे दोनों अर्जित कर सकते हैं। शिविर में कला साहित्य अकादमी छग वरिष्ठ कलाकार प्रशिक्षक शक्तिपद चक्रवर्ती,मणिमय मुखर्जी, वरुण चक्रवर्ती, गौतम शील, बबलू बिस्वास, बाली, गौतमी चक्रवर्ती, साई चक्रवर्ती, पार्थ चक्रवर्ती, सारथी चक्रवर्ती द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में रेलवे कर्मियों व गैर रेलवे कर्मियों के 75 महिला ,युवाक व बच्चे नृत्य,गायन, नाटक, ड्राइंग पेंटिंग आदि में प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर में रेलवे के फरीदी निसार अहमद, बीडी प्रसाद, बलवंत शर्मा, बाबू राव, केसरी बाग,अतनू मुखर्जी, राबर्ट जोसेफ, प्रीति राज वैद्य, प्राचार्य, डी लक्ष्मी योगदान दे रहे हैं।

# पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड संधारण नहीं होने पर बिफरी रिसाली महापौर



- स्टेशन मरोदा की समस्या से रूबरू हुई महापौर शशि

**भिलाई।** शिव पारा स्टेशन मरोदा में पाइप लाइन को भूमिगत करने के बाद सड़क मरम्मत नहीं होने पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ठेकेदार को सड़क मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए है। मॉर्निंग विजिट के तहत महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था का भी वार्ड 17 पहुंचकर जायजा ली। महापौर शशि शिव पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। महापौर सबसे पहले सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नागरिकों से मुलाकात की। सफाई कर्मी की उपलब्धता और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की समीक्षा करते हुए उन्होंने नागरिकों से बातचीत की। इस दौरान नागरिकों और क्षेत्रीय पार्षद गजेन्द्री कोठारी ने भूमिगत पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में सड़क समतलीकरण नहीं होने की बात को प्रमुखता से रखा। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य करने वाले एजेंसी को तलब कर तत्काल सड़क ठीक कराए। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास समेत पार्षद गजेन्द्री कोठारी, निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### नागरिकों ने महापौर के समक्ष रखी मांग

राम वर्मा के घर से संतोषी साहू के घर तक नाली निर्माण, तिरंगा चौक में ग्रील लगाने की मांग, सुलभ शौचालय के पास नाली निर्माण, शिव पारा में प्रकाश व्यवस्था बेहतर के साथ-साथ विद्युत तार की व्यवस्था, लो प्रेशर की शिकायत का निराकरण, तिरंगा चौक में मंच निर्माण।

# युवाओं को दिया लाइट मोटर वाहन प्रशिक्षण

- बीएसपी के सीएसआर विभाग की पहल

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजनाओं के अंतर्गत रावघाट खदान क्षेत्र के युवाओं के लिए आयोजित लाइट मोटर वाहन (एलएमवही) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में नवा रायपुर स्थित "इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में आयोजित किया गया। कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार औरौ महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट ने क्रियान्वित किया। खोड़गांव पंचायत के अंतर्गत आने वाले अंजरेल, परलाभाट, सुपगांव और खोड़गांव गांवों के पहले शिविर में 30 युवाओं ने भाग लिया। दूसरे चरण में भैयासालेभाठ, फूलपाड़, छोटे जैतपुरी, पल्लेकसा, भैसगांव, अटुर्बेड़ा, निबरा, कुम्हारी, घोटिया, कोलार, पादरगांव, कोसरोड़ा, सत्तीघाट, तालाबेड़ा और माड़पा गांवों से 25 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार मिश्रा और अजय कुमार यादव, मोरध्वज और प्रदीप कोठारी उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## टाउनशिप के खेल परिसरों में बीएसपी की पहल

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में बच्चों की निखर रही प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में स्कूली बच्चे खेलों के गुर सीख रहे हैं। टाउनशिप के विभिन्न खेल परिसरों, स्कूल के हॉलों एवं मैदानों में 15 मई से प्रारंभ शिविर में 23 खेलों में 3000 बच्चे भाग ले रहे हैं। एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाज़ी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, टेनिस, वॉलीबॉल, योग, खो-खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक, नेटबॉल और फेंसिंग का 25 खेल परिसरों में अनुभवी और एनआईएस कोच एवं प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिविर क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग के जीएम व ओलंपियन और डीजीएम राजेंद्र प्रसाद के मार्गदर्शन में चल रहा है। इसमें बच्चे खेलों के साथ अनुशासन और टीम वर्क से काम करने की शिक्षा भी ले रहे हैं। विजय शर्मा बताते है कि 5 जून तक चलने वाले शिविर का उद्देश्य बच्चों को शैक्षणिक वातावरण प्रदान कर उनकी खेल प्रतिभा को विकसित करना है। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 2000 से अधिक बच्चे शिविर में भाग लेकर अपनी कला को तराश रहे है। बच्चों को प्रशिक्षण के साथ खेल सामग्री एवं आवश्यक उपकरण भी प्रदान किए जा रहे हैं।





### खासे उत्साहित हैं बच्चे

विभिन्न खेल परिसरों में प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे खासे उत्साहित हैं। खेल प्रशिक्षण शिविर के तहत एथलेटिक्स में 386 बच्चों, जयंती स्टेडियम और आईटीआई खुर्सीपार में, बैडमिन्टन में 121 बच्चों को इन्डोर स्टेडियम और बॉल बैडमिन्टन में 42 बच्चों को बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड सेक्टर-4 में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बास्केटबॉल में 165 बच्चों को बास्केटबॉल कोर्ट, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में तथा बॉक्सिंग में 264 बच्चों को सेक्टर-2 इस्पात क्लब, मरोदा इस्पात क्लब, सेक्टर-1 नेहरु हाउस के बैक साईड एरिया में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर , 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

2025 के रुझान

लाइव इवेंट

## कुष्ठ बस्ती में निशुल्क चिकित्सा शिविर, सैनेटरी पैड का वितरण



**भिलाई।** समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट कुष्ठ बस्तियों में संचालित निशुल्क चिकित्सा शिविर अभियान के अंतर्गत हेल्थ कैम्प लगाया गया। कैम्प का आयोजन कुष्ठ बस्ती दुर्ग में किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, निगम सभापति श्याम शर्मा, गुलाब देशमुख सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। आयोजकों ने बताया कि यह संपूर्ण अभियान स्व. सदाशिव गोविंद राव कात्रे की स्मृति को समर्पित है, जो भारतीय कुष्ठ निवारण संघ, चांपा के संस्थापक रहे हैं। उन्होंने अपना जीवन कुष्ठ रोगियों की सेवा हेतु समर्पित किया।

शिविर में ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, सीबीसी, घावों की सफाई, ड्रेसिंग व सूक्ष्म शल्य क्रिया अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम से किया गया। चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श भी दिया। निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। महिलाओं को सैनिटरी पैड्स बांटे गए।दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से संतोष रानी, डॉ. देव उत्कर्ष, राखी, रोहित, किशन कुमार मौजूद थे। यह अभियान 14 मई को कोरबा से शुरू हुआ है, जो 29 मई को राजनांदगांव में संपन्न होगा। सेवा ही समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कुष्ठ रोगियों के जीवन में स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मविश्वास लाने का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत यह अभियान चलाया जा रहा है।



● महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन पहले से सुधरा, 507 में 263 महिलाएं, बॉस्केटबॉल में प्रदर्शन सबसे बेहतर

# डीयू की खिलाड़ियों ने दिखाया दम, 4 का खेलो इंडिया में चयन 11 टीमों ने इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा के लिए किया क्वालीफाई

**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने खेल के क्षेत्र में इस साल शानदार प्रदर्शन किया। चार खिलाड़ियों ने अंतर विश्वविद्यालयीन खेलो इंडिया स्पर्धा के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं टीम ने मिजोरम, बिहार, ओडिशा आदि की टीम को पराजित किया। इसमें महिला बास्केटबॉल की टीम, खो-खो पुरुष, शतरंज महिला, खो-खो महिला टीम ने क्वालीफाई किया है। वहीं 11 टीमों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा के लिए क्वालिफाई किया है। पहली बार महिला शतरंज की टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा के लिए सलेक्ट हुई है। यूनिवर्सिटी के 507 खिलाड़ियों में 263 महिला हैं। इस प्रकार खेलों में महिलाओं का प्रदर्शन पहले से और बेहतर हुआ है। इधर खेल विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित किए गए।**




**भिलाई।** संचालक खेल और शारीरिक शिक्षा डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि इस बार खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता मे जूडो महिला टीम से दिव्या कुमारी, वेटलिफ्टिंग में सोनाली यदु और एथलेटिक्स के मैराथन में आशुतोष कुमार का चयन हुआ है। 4 टीमों ने इंडिया क्लीफाई किया है, वहीं 7 व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए कुल 67 खिलाड़ियों ने इस बार अखिल भारतीय अंतर विवि स्पर्धा में हेमचंद विवि का प्रतिनिधित्व किया है। पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि, उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि और अखिल भारतीय अंतर विवि में कुल 507 खिलाड़ियों ने हेमचंद विवि का प्रतिनिधित्व किया। इसमें पुरुष खिलाड़ियों की संख्या 244 और महिला खिलाड़ियों की संख्या 263 रही। हेमचंद विवि ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत किया। पहला स्थान प्राप्त वाले प्रत्येक खिलाड़ियों 10 हजार, दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों को 7 हजार और तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 5 हजार नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने विश्वविद्यालय के प्रतियोगिता में जीते सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।




## सरकारी स्कूलों के बच्चों ने लिया हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी व साइकिल पोलो का प्रशिक्षण

गर्मी की छुट्टियों में खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल विभाग द्वारा किया गया। 21 दिनों तक चले इस आयोजन में अलग-अलग खेलों का प्रदर्शन अलग-अलग मैदानों में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सब जूनियर, जूनियर वर्ग के बालक, बालिकाओं ने भाग लिया। पालकों की सहमति से खिलाड़यों का पंजीयन किया गया था। प्रतिदिन बच्चों को ट्रेनिंग दी गई, जिले में 17 खेलों के लिए 31 खेल मैदानों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान हॉकी, व्हालीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बेसबॉल, साइकिल पोलो, साइक्लिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, बास्केटबॉल, नेटबॉल, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। फुटबॉल में खिलाड़ियों को पुष्पक रिसीविंग और रिसीविंग पासिंग एवं लॉन्ग पास का कौशल सिखाया गया। जिले में हॉकी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद और महिला समृद्धि बाजार के सामने दुर्ग में प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह व्हालीबॉल के लिए हॉस्पिटल सेक्टर हुडको, बजरंग पारा कोहका, खो-खो नेशनल स्कूल मैदान दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झीट पाटन, खो-खो मैदान पाउवारा, फुटबॉल रविशंकर स्टेडियम दुर्ग और साइंस कॉलेज मैदान दुर्ग, हाउसिंग बोर्ड भिलाई, कबड्डी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा पाटन, बैगापारा स्टेडियम दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन-2 खुर्सीपार, दशहरा मैदान उतई, साफ्टबॉल नवीन कॉलेज मैदान खुर्सीपार, बेसबॉल खेल मैदान भिलाई-03 में प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य रूप से हॉकी, व्हालीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बेसबॉल, साइकिल पोलो, साइक्लिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, बास्केटबॉल, नेटबॉल, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया।





### खिलाड़ियों को बांटे सर्टिफिकेट श्रेष्ठ को मिला पुरस्कार

समर कैंप में सभी प्रशिक्षण स्थानों पर समापन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ खिलाड़ियों के सहयोग से कार्यक्रम का संपन्न किया गया। जेपी नगर कैंप 2 में विकास समिति के सदस्य चिंता देवी यादव, अनिता शाह की उपस्थिति में खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट दिया गया। वही तेजस भिलाई 3 के प्राचार्य मीरा आर्नल कुमार सरपंच एवं प्रचार महोदय उपस्थित में खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र उनका उत्साहवर्धन किया। रवि शंकर स्टेडियम में समापन के अवसर पर फुटबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी अनिल जैन और सुरेंद्र ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

सिटी इवेंट

## योग और ध्यान से शरीर में बनी रहती है ताजगी, बीमारी से मिलती है मुक्ति



**भिलाई।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग और ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया। हैप्पीनेस कोर्स के नाम से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण लेने वालों ने अपने अनुभव भी शेयर किए। उन्होंने बताया कि हमारे अंदर से निकल गया है। हमारा मन अभी विचार शून्य हो गया है और अंदर एक आनंद और खुशी की अनुभूति हो रही है पूरा शरीर हल्का महसूस हो रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा ज्ञान, ध्यान एवं योग साधना का 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर (हैप्पीनेस कोर्स) का आयोजन स्टेशन रोड के सामने स्थित वाणी होटल में किया गया। प्रशिक्षण शिविर में सुबह 6 से 9 बजे तक चलने वाली कार्यशाला में जीवन जीने की कला के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विभिन्न व्यायामों के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने की कला सिखाई गई । 6 दिवसीय उक्त शिविर में सबसे महत्वपूर्ण क्रियाओं कोर्स का अभ्यास कराया गया । कोर्स में योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में उत्साह को बनाए रखने के लिए विभिन्न तरह के खेल का आयोजन भी किया गया था । शिविर के अंतिम दिन ज्ञान की बातें और खेल के माध्यम से ज्ञान के बारे में बताया गया। शिविर के संपन्न में 20 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। वही अगला 6 दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन 10 जून से 15 जून को होटल वाणी में प्रारंभ किया जाएगा।

- 6 दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का समापन, प्रशिक्षण लेने वालों ने अनुभव किए शेयर



## रुहान के संयम संस्कार में जुटा जैन समाज, निकला वरघोड़ा, दीक्षा आज

**भिलाई।** जोधपुर राजस्थान के 13 वर्षीय बालक रुहान ने वैराग्य के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है। रुहान का दीक्षा महोत्सव दुर्ग में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को नगर भ्रमण के लिए संयम यात्रा निकाली गई, जो गाजे-बाजे के साथ शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। 30 मई को सुबह साढ़े 7 बजे लापसी लूट, सुबह 8 बजे महाभिनिष्क्रमण यात्रा, साढ़े 8 बजे दीक्षा इसके बाद भक्ति और संवेदना का कार्यक्रम होगा। सारे कार्यक्रम ऋषभदेव प्रांगण शिवपारा में संपन्न होंगे।गुरुवार को श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट, सत्वनाद संयमोत्सव समिति दुर्ग द्वारा आयोजित संयम कार्यक्रम में दृढ़ निश्चई, ज्ञान पिपासु (अल्पवय में 22 आगम कंठस्थ), बाल दीक्षार्थी, मोक्ष पथ गामी, वीर सैनिक मुमुक्षु रूहान मेहता का दुर्ग की पावन पुनीत धरा पर भव्य दीक्षा महोत्सव प्रारंभ है। दीक्षा मसा मोहनलाल के समुदायवर्ती गुरुदेव खरतरगच्छ विभूषण जयानंद के शिष्य विनय कुशल, नंदिषेण मुनि, वीरभद्र मुनि, महेन्द्र सागर के शिष्य रत्न विशुद्ध सागर के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली गई। वरघोड़ा आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर सदर बाजार से शुरू होकर दुर्गा मंदिर, बनिया पारा, दिगंबर मंदिर, जवाहर चौक, ज्योति ऑप्टिकल, भाजपा कार्यालय, शनिचरी बाजार, रोली-मोली गवली पारा, ऋषभदेव परिसर पहुंची, जहां समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान पंथी नृत्य, पारंपरिक राउत नाचा, बस्तर का प्रसिद्ध गौर माड़िया नृत्य प्रस्तुत किया। जैन भजनों से शोभायात्रा पूरे समय गूंजायमान रही। इस अवसर पर कांतिलाल बोथरा, पदम बरड़िया, विनोद गोलछा, संतोष दुग्गड़, दीपक छाबड़ा, महावीर लोढ़ा सहित अन्य मौजूद थे।





महज 13 साल की उम्र में वैराग्य के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

## मनसा शिक्षा कॉलेज में 1 जून से 15 दिवसीय निशुल्क खेल शिविर

**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय द्वारा पहल एक नई शुरुआत का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को खेल कौशल में सुधार करने और खेल के प्रति रुचि जगाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह 15 दिवसीय निशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन 1 से 15 जून तक किया जा रहा है। इसमें आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग हिस्सा ले सकते हैं, वहीं अब तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 100 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों जैसे एरोबिक्स, कराटे, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, योगा, एथलेटिक्स, थ्रोबाल, खो-खो एवं कबड्डी खेल शामिल हैं। अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा 15 दिवसीय निशुल्क खेल प्रशिक्षण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम मनसा शिक्षा महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउंड में सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन के लिए मनसा शिक्षा महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



गर्मी की छुट्टियों में 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए किया गया आयोजन

# मानसिक तनाव और चिंता से उबरने के लिए सीबीएसई के स्टूडेंट्स को टेली-काउंसिलिंग में दिए गए टिप्स

कॉर्नर न्यूज

**भिलाई।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने बीते दिनों 10वीं-12वीं रिजल्ट 2025 घोषित कर दिये हैं। सीबीएसई ने परीक्षा परिणामों के बाद छात्रों में मानसिक तनाव और चिंता को कम करने के लिए निःशुल्क टेली-काउंसलिंग सेवा शुरू की थी। इसके तहत विद्यार्थी निःशुल्क काउंसलर से बातचीत कर अपनी समस्याएं और उनका समाधान जान सकें। टेली काउंसलिंग सेवा से विद्यार्थियों को न केवल मानसिक तनाव से उबरने में राहत मिली। साथ ही उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में भी यह मददगार साबित हुआ। यह सेवा बोर्ड की उन दो चरणों वाली काउंसिलिंग योजना का दूसरा हिस्सा था, जिसका पहला चरण परीक्षाओं के दौरान शुरू किया गया था। अब परिणाम जारी होने के बाद दूसरा चरण छात्रों को मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से प्रांरभ किया गया। दुर्ग-भिलाई के सीबीएसई स्टूडेंट्स इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए।



### टोल फ्री नंबर पर विद्यार्थी ने काउंसलिंग विशेषज्ञों से लिया मार्गदर्शन

पोस्ट-रिजल्ट साइकोलॉजिकल काउंसलिंग के लिए विद्यार्थी ने टोल फ्री नंबर का उपयोग कर विशेषज्ञों की मदद ली, वहीं विशेषज्ञों की मदद से विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम के बाद उत्पन्न हो रही समस्याओं के व्यवहारिक समाधान प्राप्त की। यह काउंसिलिंग विद्यार्थियों के लिए काफी फायदेमंद रही, इससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा और उनमंक आगे बेहतर करने का जज्बा भी कायम रहा। सीबीएसई बोर्ड की ओर से छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए विशेषज्ञों को नियुक्त किया गया था। काउंसिलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों में मानसिक तनाव काफी रही, साथ ही सभी काउंसलर ने छात्रों को रिजल्ट के बाद होने वाले तनाव, चिंता और आत्म-संदेह से उबरने में उनकी सहायता भी की।

### पॉडकास्ट और वीडियो वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

छात्र अब सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर तनाव कम करने, पढ़ाई की सही प्लानिंग और मानसिक सेहत को बेहतर बनाने से जुड़े पॉडकास्ट और वीडियो आसानी से देख और डाउनलोड कर सकते हैं। यह सुविधा बोर्ड ने छात्रों की मदद के लिए शुरू की गई है। छात्र परामर्श के लिए सीबीएसई वेबसाइट के काउंसिलिंग अनुभाग में जा सकते हैं या सीबीएसई मुख्यालय के यूट्यूब चैनल पर देख सकते है। सीबीएसई की वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक दबाव को संभालने के बारे में पॉडकास्ट और वीडियो उपलब्ध हैं।

**सिटी इवेंट**

## शहीदों को श्रद्धांजलि, परिजनों को मिलेगी उच्च शिक्षा में आर्थिक मदद

**भिलाई।** कल्पतरू सेवा समिति द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुये जवानों के बच्चों और परिजनों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। "सेवा, शिक्षा और समाज" के ध्येय वाक्य को लेकर कल्पतरू सेवा समिति व भिलाई के प्राध्यापकों द्वारा चलायी जाने वाली रजिस्टर्ड इकाई समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। कल्पतरू सेवा समिति के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुये सेना के जवानों के बच्चों या परिजनो को महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर प्रवेश शुल्क की पूरी राशि समिति द्वारा दी जाएगी, जिससे परिजन सुचारू रूप से अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेगें। कल्पतरू सेवा समिति की चेयरमेन डॉ. मोनिशा शर्मा ने कहा कि शिक्षित समाज से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है इसी परिप्रेक्ष्य में समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर में शहीद जवानों के परिजन को निर्बाध उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान कर प्रेरित किया जायेगा। कल्पतरू सेवा समिति की अध्यक्ष डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुये जवानों को हम वापस तो नहीं ला सकते अपितु उनके जाने के बाद उनके बच्चों और परिजनो को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह समिति की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि होगी। कल्पतरू सेवा समिति की सचिव खुशबू पाठक ने बताया कि कल्पतरू सेवा समिति द्वारा पूर्व में भी अंचल के शैक्षणिक उत्कृष्टता वाले विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य के लिये लगातार प्रयास किया जाता है।



■ कल्पतरू सेवा समिति द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत चला रहे अभियान

**स्पोर्ट्स लाइव**

## बैडमिंटन स्पर्धा में 9 से 58 आयु के खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**भिलाई।** गुड ईवनिंग क्लब व गणपति विहार रेजिडेंस एसोसिएशन के संयुक्त त्ववधान में विभिन्न वर्गों में बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन में एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश जोशी, प्राचार्य डॉ संध्या मदन मोहन, डॉ दिनेश नामदेव, केआर ठाकुर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग के 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें सबसे कम उम्र के प्रतिभागी 9 वर्ष और अधिकतम 58 वर्ष के प्रतिभागी ने भाग लिया था। जानकारी देते हुए सदस्य प्रभात दीक्षित ने बताया कि 7 से 14 वर्ष में एकल वर्ग में प्रथम तरुण दखने, द्वितीय दिव्यांश साहू एवं तृतीय अभिनव मिश्र 7 से 14 युगल वर्ग में प्रथम तरुण एवं चैतन्य, द्वितीय अथर्व एवं यश , तृतीय कौशतुभ निर्विघ्न 15 से 30 एकल वर्ग में प्रथम आयुष्मान दुबे द्वितीय सूर्य किरण तृतीय कुशाग्र सिंह 15 से 30 युगल वर्ग में प्रथम कुशाग्र सिंह एवं कृष्णा साहू, द्वितीय आदित्य एवं प्रभात दीक्षित, तृतीय अनीश एवं मिहिर जोशी, वरिष्ठ वर्ग में डॉक्टर दिनेश नामदेव एवं डॉ ए. नाथ विजेता रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी जयंत देवांगन, शैलेश जोशी, लोकेश कुमार साहू, धर्मेंद्र सिंह उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा विजेताओं को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में लक्ष्य गंगवानी, अनीश बघेल, मिहिर जोशी, प्रभात दीक्षित, आदित्य, कुशाग्र सिंह, कृष्ण साहू का योगदान रहा। इस अवसर पर रेजिडेंस एसोसिएशन के नागरिक विशेष रुप से उपस्थित रहे।

**समाज इवेंट**

## राजाराम मोहनराय की जयंती पर पेन, डायरी, चॉकलेट का वितरण



**भिलाई।** समाज सुधारक राजा राम मोहन राय की जयंती के अवसर पर हंसराज नवयुवक मंडल दवरा दुर्ग शहर के उरला अटल आवास में नन्हे मुन्ने बच्चों, महिलाओं, दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को शैक्षणिक सामाग्रियां वितरित की गई। शिक्षा और महिलाओं के उत्थान में लगातार कार्य करने वाले राजा राम मोहन की जयंती के अवसर पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समाजसेवियों द्वारा पेन, डायरी, पट्टी, कलम व चाकलेट वितरित की गई। इस अवसर पर समाजसेविका रत्ना नारमदेव उपस्थित थी। इस दौरान मंडल के सदस्यों ने राजाराम मोहनराय की संक्षिप्त जीवनी और उनके द्वारा समाजिक उत्थान में किये गये कार्यों के बारे में बताते हुए समाजसेवी कार्यों व शिक्षा के लिए प्रेरित कर राजाराम मोहनराय का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें अटल आवास उरला के काफी अधिक संख्या में शामिल नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका रत्ना नारमदेव ने आगे आने वाले समय में भी इस तरह के नेक कार्यों को आयोजित करने का आश्वासन दिया। हंसराज नवयुवक मंडल के जया पांडे, नाजमीन, दीपक मेश्राम, कोमल साहू, विनीत चौरे, भूपेंद्र साहू, चंद्रिका यादव, जयवर्धन गजभिए आदि मौजूद थे।

● वर्ल्ड मेन्सट्रुअल हाइजीन डे पर अनुभूति संस्था की पहल को पुरुषों ने भी सराहा

# पीरियड एक प्राकृतिक प्रक्रिया, कार्यस्थल पर फीमेल्स को जागरुक कर वितरित किया इको फ्रेंडली पैड, बीमारियों से रहे सुरक्षित

**भिलाई। वर्ल्ड मेन्सट्रुअल हाइजीन डे के अवसर पर ट्विनसिटी में कई स्थानों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां महिलाओं को पीरियड में सावधानी और स्वस्छता बरतने के बारे में बताया गया। भिलाई की पैड वूमेन ग्रुप अनुभूति श्री फाउंडेशन की द्वारा सेक्टर 6 अक्षय पात्र, दुर्ग के ठगड़ा बांध में जाकर युवतियों व महिलाओं को पीरियड्स में स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए पैड का निशुल्क वितरण किया। संस्था का विस्तार करते हुए पखांजुर के विनोद आश्रम की सदस्यायों द्वारा आदिवासी महिलाओं के बीच बीहड़ क्षेत्र में भी वैश्विक माहवारी दिवस के संबंधी कार्यशाला में महिलाओं और युवतियों को पीरियड होन पर शर्म न करते हुए इस एक एक प्राकृतिक प्रक्रिया समझकर खुद पर गर्व करने और स्वस्छता का ध्यान रखने को कहा।इस आयोजन के दौरान संस्था द्वारा 7 नग सैनेटरी पैड, 1 नग साबुन और 1 नग टॉवल के लगभग 500 किट बनाकर नि:शुल्क वितरण किया गया। इस इको फ्रेंडली सैनेटरी पैड को बिना झिझक सभी ने स्वीकारा साथ ही पुरुषों ने भी संस्था के इस पहल को सराहा। दुनिया भर में मई के महीने में 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। संस्था द्वारा 8 से 12 साल की बच्चियों को भी लाल रंग अभियान के तहत प्रकृति के इस नियम का बेहिचक सामना करने की सीख दे रहे है।**



**8 से 12 साल की बच्चियों को लाल रंग अभियान के तहत प्रकृति के इस नियम का बेहिचक सामना करने की दे रहे सीख**

### 8 वर्षो से संस्था वितरित कर रही सैनेटरी पैड

माहवारी के दौरान होने वाली समस्या, बीमारियों और स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना ही इस विशेष दिवस का मकसद होता है। अनुभूति श्री फाउंडेशन विगत 8 वर्षो से उनकी टीम इस विषय पर कार्य करते आ रही है और अब तक फाउंडेशन लगभग 7 लाख से भी अधिक इको फ्रेंडली पैड का नि:शुल्क वितरण कर चुकी है। फाउंडेशन इस दिवस को एक महोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष मनाते आ रही है।

### लाल रंग अभियान से छोटी बच्चियों को कर रहे जागरुक

डिंपल कौर ने बताया कि युवतियों व महिलाओं को पीरियेड के प्रति जागरुक करने के साथ ही पिछले साल नवरात्रि से 8 से 12 साल तक की बच्चियों को भी पीरियेड के प्रति जागरुक कर रहे है। ताकि वे छोटी बच्चियां प्रकृति के नियम का बेहिचक सामना कर सके और उनके मन में लाल रंग के प्रति कोई डर और शर्म न आने पाए।



महिला स्वास्थ्य संबंधी कार्यशाला, बीहड़ क्षेत्र में भी महिलाओं को वितरित किया पैड

इसी संदर्भ में बुधवार को फाउंडेशन द्वारा अक्षय पात्र भिलाई में कार्यरत महिला कर्मचारियों के बीच और शाम को ठगड़ा बांध, दुर्ग में संस्था द्वारा पार्क में आई हुई महिलाओं के बीच एक महिला स्वास्थ्य संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग दो सौ महिलाओं की उपस्थिति रही। इसके अलावा पखांजुर के आदिवासी महिलाओं और बीहड़ क्षेत्र में भी वैश्विक माहवारी दिवस के संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### इको फ्रेंडली पैड का किया वितरण



मेन्सट्रुअल हाइजीन डे माहवारी के दौरान महिलाओं को साफ-सफाई के प्रति जागरुक करने के लिए सेलिब्रेट किया जाता है। फाउंडेशन की डायरेक्टर डिंपल कौर ने बताया कि युवतियां व महिलाएं इस दौरान 4-5 दिन असहनीय पीड़ा का सामना करती हैं। इस पीड़ा से एक उम्र के बाद हर एक महिला को गुजरना पड़ता है। इस मंथली साइकल के दौरान महिलाओं को खास देखभाल और सफाई रखने की जरूरत होती है वरना कई प्रकार के इंफेक्शन और बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए अनुभूति श्री फाउंडेशन द्वारा वैश्विक माहवारी दिवस के अवसर पर दुर्ग-भिलाई सहित बीहड़ क्षेत्रों में भी संस्था के स्थानीय सदस्य दवरा कई स्थानों में महिलाओं को इको फ्रेंडली पैड वितरण किया गया।

### 3 हजार नग पैड का किया नि:शुल्क वितरण

वर्ल्ड मेन्सट्रुअल हाइजीन डे के इस कार्यक्रम में फाउंडेशन द्वारा भिलाई-दुर्ग, पखांजुर, उड़ीसा सहित अन्य स्थानों में संस्था की टीम द्वारा लगभग 3 हजार नग इको फ्रेंडली पैड का वितरण नि:शुल्क किया गया। आयोजन में पुरुषों द्वारा भी पैड बिना झिझक स्वीकार किया गया और उन्होंने अनुभूति श्री फाउंडेशन के इस प्रयास को सराहना भी की।इस जागरुकता अभियान के दौरान संस्था की सदस्य रंजना पटेल, हरिंदर कौर, माया कौर, विजया शुक्ला, अनिन्दर कौर, करनजीत कौर, कृष्णा, राजेश शर्मा, बलविंदर सिंह, वी बाबू, विक्रम सिंह, परमिंदर सिंह, भानमती, गंगोत्री सेन, मीना धागेश, जशराज सिंह सहित अन्य लोग का विशेष सहयोग रहा।

**भारतीय भाषा प्रशिक्षण का 5वां दिन**

## साउथ के स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीता रामराजू का बच्चों ने जाना संघर्ष

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर में बच्चें प्रतिदिन नई भाषाओं के साथ राज्यों की परंपरा और संस्कृति को भी सीख रहे है। इसी कड़ी में गुरुवार को शिविर के पांचवें दिन बच्चों ने तेलुगु भाषा सीखते हुए अपना परिचय, नाम, उम्र और पता पूछना सीखा। शिविर में बच्चों ने आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीता रामराजू के बारे में वीडियो के जरिए जाना। इस दौरान प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक भाषा श्रेष्ठ है। किसी भी भाषा का अनादर नहीं करना चाहिए। भारत विशाल देश है। यहां की संस्कृति परंपरा भिन्न-भिन्न है। यहां की विविध भाषाएं इसके सौंदर्य को बढ़ाती है। हमको अधिक से अधिक भाषाओं के साथ जुड़कर के वहां की संस्कृति-परंपरा और ज्ञान को आत्मसात करने का प्रयत्न करना चाहिए। ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर के पांचवें दिन एस वी एस गायत्री ने तेलुगु भाषा का प्रशिक्षण देते हुए अपना परिचय- नाम, उम्र और पता पूछना बच्चों को सिखाया। शिविर में बच्चों ने आंध्र प्रदेश के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीता रामराजू के बारे में वीडियो के जरिए जाना।



अल्लूरी सीतारामा राजू एक निर्भीक क्रांतिकारी थे जो आदिवासियों के अधिकारों के लिए ब्रिटिश के खिलाफ लड़ा करते थे। उनके पास कई सारी विशेष शक्तियां थी जिससे वह लोगों को ठीक कर सकते थे। आंध्र प्रदेश की प्रसिद्ध रम्पा विद्रोह का नेतृत्व सीता राम राजू ने ही किया। वे महात्मा गांधी के बहुत बड़े अनुयाई थे। उनकी वीरता और जोशीले स्वभाव के कारण लोगों ने उन्हें मण्यम वीरूडू' (जंगल का हीरो) की उपाधि से सम्मानित किया था। इनकी मृत्यु इतनी रहस्यमय है की उनकी कहानी को फिल्मों में और किताबों में दर्शाया गया। उनकी जीवनी के द्वारा बच्चों में अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम और त्याग की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर की आयोजन समिति में रामाशीष चौहान डॉ. अजय आर्य डॉ. राखी श्रीवास्तव, सतीश धीवर उपस्थित थे।

**युवाओं को रोजगारमुखी प्रशिक्षण**

## कम्प्यूटर एडड कोर्स से करियर संवार सकते हैं युवा, बस ट्रेनिंग की जरुरत



**भिलाई।** सीखने की कोई उम्र नहीं होती। इसी प्रकार उत्पादकता बढ़ाने का कोई विशेष मुहूर्त नहीं होता। आगे बढ़ने की कोई सीमा नहीं होती। 21 वीं सदी में केवल स्किल ही ऐसी चीज है, जिस पर ये तीनों कथन लागू होते हैं। कोई भी स्किल क्यों न हो सर्वप्रथम उसे सीखने हेतु अधिकृत प्रशिक्षण की जरूरत होती है। कैड एकेडमी के नितिन पंडया ने कहा कि संस्थान के साथ स्किल प्रशिक्षित व्यक्ति भी आगे बढ़ता है। सीखो, उत्पादकता बढ़ाओ, आगे बढ़ो इसी मंत्र को लेकर सिविक सेंटर में कैड एकेडमी की स्थापना की गई थी। इस प्रशिक्षण केन्द्र या ट्रेनिंग सेंटर से अब तक लगभग 1,50,000 से अधिक युवक-युवितयों ने कम्प्यूटर एडड डिजाइन, कम्प्यूटर एडड इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर एडड मेन्युफेकचरिंग के क्षेत्र में मैकेनिकल और सिविल टेक्निकल डिजाइन साफ्टवेयर जैसे- ऑटोकैड, थ्री डी, सिविल, रेविट, थ्री डी एस मेक्स, स्टैड प्रो, क्रियो, सालिड वर्क्स, कटिया, एनसीस, सीएनसी आदि में प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त युवा देश-विदेश की अनेक सरकारी, अर्द्धसरकारी, प्राइवेट संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद ड्राइंग-डिजाइन का पूर्व ज्ञान, कम्प्यूटर और अंग्रेजी भाषा का विशेष ज्ञान आवश्यक नहीं है। ट्रेनिंग का लाभ 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और डाक्टरेट करने वाले तक उठा सकते है और टेक्निकल ड्राइंग-डिजाइन की दुनिया में अपना कैरियर बना सकते हैं।



**तीन दिवसीय मेडिटेशन धम्म संस्कार शिविर का हुआ समापन**

# भंते ने बताया पंचशील का अर्थ और महत्व, धम्म संस्कार गौतम बुद्ध और डॉ.बाबासाहेब का बच्चों ने जाना जीवन चरित्र

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** तीन दिवसीय मेडीटेशन धम्मा संस्कार व पर्सनालिटी डेवलपमेंट शिविर का आयोजन सुगत बुद्ध विहार आंबेडकर नगर सुपेला भिलाई में आयोजित किया गया था। महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी भिलाई छत्तीसगढ़ एवं विशाखा बौद्ध महिला मंडल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर की शुरुआत विशाखा बौद्ध महिला मंडल भिलाई कि अध्यक्ष विद्या बौद्ध के द्वारा किया गया। शिविर में भिलाई, दुर्ग, डोंगरगढ़ के 54 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में बेस्ट 10 शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया। शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयश्री श्यामकुंवर, विशेष अतिथि बिम्बिसार नागार्जुन, विद्या बौद्ध और आशीष चौहान उपस्थित थे।



### दिया जा रहा है प्रशिक्षण

महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के अध्यक्ष आशीष चौहान ने तीन दिवसीय शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बहुउद्देशीय कार्यक्रम के माध्यम से हर रविवार को बच्चों के लिए धम्म शाला का आयोजन भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है, बच्चों व युवाओं कि प्रतिभा को निखारने के लिए गीत संगीत, डांस पेंटिंग, एक्टिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, कैरियर गाइडेंस व स्वरोजगार प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है छत्तीसगढ़ स्तर पर आगामी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

**पर्सनालिटी डेवलपमेंट शिविर में 54 बच्चों ने लिया हिस्सा**

### भंते ने बताया पंचशील का अर्थ व महत्व

शिविर में प्रशिक्षक भंते डॉ.जीवक और भंते सारिपुत्र द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पंचशील का अर्थ व महत्व, दैनिक जीवन में भोजन, पानी, पर्यावरण व साफ सफाई का महत्व बताया गया। सीटिंग मेडीटेशन, स्टेंडिंग मेडीटेशन, वाकिंग मेडीटेशन के साथ- साथ महिलाओं व पुरुषों को विहार में बैठने, पंचांग प्रणाम करने, अपने से बड़ों का वंदन करने सहित कई बातें बच्चों को सिखाई गई। कैरियर गाइडेंस, पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन चरित्र के बारे में बताया गया। साथ ही मोरल एजुकेशन बतायें गये। आशीष चौहान ने ब्रेन पावर बढ़ाने के लिए ब्रेन कैसे काम करता है निगेटिव व पॉजेटिव सोच हमारी कैसी बनती है, क्यों होती है निगेटिव सोच इस पर प्रजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में तरूण भीमगढ़े प्रधानाध्यापक, शास.मिडिल स्कूल ढौर ने बच्चों को गणित का जादू व विभिन्न विषयों पर परीक्षा की तैयारी करने और अपने लक्ष्य पर पहुंचने पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रतिदिन कि गतिविधियों पर सवाल जवाब किया गया व ब्रेन गेम खिलाया गया। शिविर में 54 बच्चों ने भाग लिया जिसमें भिलाई ,दुर्ग, डोंगरगढ़, के बच्चे शामिल हुये। शिविर में बेस्ट 10 शिविरार्थियों का सम्मान किया गया। जिसमें काव्या कापड़े, शील सहारे,डिम्पल कापड़े, प्रियांशी नागदेवे, पूर्वी वाहने,श्वेता उके, सौम्या रामटेके,कनिष्का सहारे , मेहुल नाथ कोसले,अभिनवराव ढोके को थाईलैंड के भंते अमोल जी कि ओर पुरस्कार दिया गया। सभी बच्चों ने शिविर में मिले अनुभव से अपने विचार व्यक्त किये व शिविरार्थियों ने पांच समूह बनाकर मेडीटेशन, भोजन, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, धम्म संस्कार व अलग अलग विषयों पर प्रजेंटेशन दिया। संस्था ने सभी अतिथियों को सम्मान में बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर के कार्यो की किताब देकर सम्मानित किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रेलवे की खिलाड़ी पूनम ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की होनहार एथलीट और बिलासपुर रेल मंडल में टिकट कलेक्टर सह वाणिज्य लिपिक (कमर्शियल क्लर्क) के पद पर कार्यरत पूनम ने 26 वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता गुमी, दक्षिण कोरिया में आयोजित की गई थी। पूनम ने 28 मई को हुए फाइनल मुकाबले में 4:10।83 मिनट का समय लेकर रजत पदक जीता और देश के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम भी रोशन किया। इस उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने पूनम को हार्दिक बधाई दी तथा आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रेलवे और देश का गौरव बढ़ाने के लिए शुभकामनाएँ दीं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में खेल और खिलाड़ियों को विशेष महत्व दिया जाता है तथा उनकी सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खेल विभाग में कार्यरत एथलेटिक्स कोच श्रीकांत पाढ़ी ने भी पूनम के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे उनके परिश्रम और समर्पण का फल बताया।यहां यह उल्लेखनीय है कि इस स्पर्धा में चीन की ली चुनहुई ने 4:10।58 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान की टोमोका किमुरा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

### सीनियर स्टेट किकबॉक्सिंग में राजधानी के 9 खिलाड़ियों ने हासिल किए पदक



**रायपुर।** 12वीं सीनियर स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप एवं नेशनल सेलेक्शन ट्रायल कोरबा में 26 एवं 27 मई को आयोजित हुआ। जिसमें 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया और सभी ने पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेता– सत्यम साहू (के1 -71 किग्रा)– मदन सिंह नेताम (एलके +91 किग्रा)– रचित शर्मा (एलके -71 किग्रा)– गुलशन सोनी (केएल -81 किग्रा)– हरिओम (केएल -74 किग्रा),रजत पदक विजेता– राजकुमार (के1 -51 किग्रा)– सुमन देवांगन (केएल -55 किग्रा)– प्रथमेश (के1 -57 किग्रा)– धैर्य पटेल (के1 -67 किग्रा) शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों ने कोच सत्यम साहू के मार्गदर्शन में यह उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन



**रायपुर।** सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल बालक/बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन चंडीगढ़ में 29 मई से 02 जून तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हो रही है।

इस प्रतियोगिता हेतु कवर्धा की प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी से बालक वर्ग में कृष सिन्हा, पंकज मेरावी एवं बालिका वर्ग में चांदनी साहू सहित कुल तीन खिलाडियों का चयन हुआ है। जो 27 मई को रवाना हुए। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के महासचिव ओपी शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश से 40 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। जिसमें से अंतिम 36 बालक/बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किये गए है। जो अब चंडीगढ़ में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के तीन खिलाड़ियों के चयन होने पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटीया, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू अतुल देशलहरा और श्याम चकोर आदि ने बधाई दी है।

### अंडर-16 टीम में चयनित हुए भव्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा जारी अंडर 16 प्लेट कंबाइंड टीम में कवर्धा के भव्य जैन चयनित हुए है। भव्य दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज़ एवं माध्यम तेज़ गति के गेंदबाज है। गौरतलब है कि पूर्व में प्लेट टीम के मुकाबलों में उनका प्रदर्शन काफी उम्दा रहा था । इससे पहले उनका चयन अंडर 14 प्लेट कंबाइंड में छत्तीसगढ़ की टीम में हो चुका है। भव्य अपने चयन का श्रेय अपने माता पिता को देते है।

## हृदयरोगों को लेकर सावधानी बरतना बेहतर उपाय

# परखते रहिए अपने दिल की सेहत, हार्ट अटैक से बचे रहने जरूरत पड़ने पर टेस्ट भी कराएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, चूंकि हृदय रोगों का खतरा किसी को भी हो सकता है, इसलिए पहले से ही सावधानी बरतना जरूरी है। आप एहतियातन कुछ टेस्ट करा सकते हैं जो ये जानने में मदद करते हैं कि कहीं आपके हार्ट में कोई समस्या तो नहीं है। दुनियाभर में जिस तरह से हृदय रोगों के मामले बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं ये निश्चित ही चिंता बढ़ाने वाली स्थिति है। कुछ दशकों पहले तक हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के रूप में जाना जाता था हालांकि अब 20 से कम आयु वाले भी इसका शिकार हो रहे हैं। विशेषतौर पर कोरोना महामारी के बाद से हृदय रोग-हार्ट अटैक के मामलों में और भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिम करते हुए, खेलते-खेलते या पार्टी में डांस करते हुए लोगों की हार्ट अटैक से मौत की खबरें हाल के दिनों में काफी सामने आई हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्ट अटैक एक जानलेवा स्थिति है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के शिकार लोगों में इसके मामले सबसे ज्यादा देखे जाते रहे हैं। कई अध्ययन इस बात को लेकर भी अलर्ट करते रहे हैं कि जिन लोगों को कोरोना का संक्रमण हो चुका है उनमें हृदय रोगों का जोखिम अधिक रहता है। ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। कहीं आपको भी तो इसका खतरा नहीं है, इसका कैसे पता लगाया जा सकता है?



### हृदय संबंधी बीमारियां और हार्ट अटैक

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हृदय संबंधी बीमारियां आज वैश्विक स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। पिछले कुछ वर्षों में हार्ट अटैक (हृदयाघात) के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है, खासकर युवाओं में। गड़बड़ जीवनशैली, तनाव, अनियमित खानपान और व्यायाम की कमी ने इसे आम बना दिया है। हार्ट अटैक तब होता है जब हृदय को रक्त और ऑक्सीजन पहुंचाने वाली धमनियां (कोरोनरी आर्टरीज) अवरुद्ध हो जाती हैं। इससे हृदय की मांसपेशियों को ऑक्सीजन नहीं मिल पाता और हृदय काम करना बंद कर देता है।

### हृदय रोगों का खतरा


एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 25 से 45 वर्ष के बीच के पुरुषों और महिलाओं में हृदयाघात के मामले पिछले दशक में दोगुने हो गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, चूंकि हृदय रोगों का खतरा किसी को भी हो सकता है, इसलिए पहले से ही सावधानी बरतना जरूरी है। आप एहतियातन कुछ टेस्ट करा सकते हैं जो ये जानने में मदद करते हैं कि कहीं आपके हार्ट में कोई समस्या तो नहीं है।



### हृदय के लिए कौन-कौन से टेस्ट कराएं?

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रवि प्रकाश बताते हैं, ब्लड प्रेशर सबसे आसान और जरूरी टेस्ट है जिसकी मदद से रक्त संचार की गति जानी जा सकती है। इसके अलावा आप कुछ और टेस्ट करा सकते हैं जिससे हृदय की सेहत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

30 की उम्र के बाद से सभी लोगों को नियमित जांच कराते रहना चाहिए। 25 की उम्र में आमतौर पर ब्लड टेस्ट और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराई जाती है। 35



की उम्र में इन टेस्ट के साथ टीएमटी टेस्ट कराना चाहिए।मेडिकल हिस्ट्री, शारीरिक स्थिति के आधार पर लोगों को अलग-अलग टेस्ट की जरूरत हो सकती है, इसके बारे में अपने डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम ): हृदय की विद्युत गतिविधि जांचता है। इको (इकोकार्डियोग्राफी): हृदय की संरचना और कार्य की जानकारी देता है टीएमटी (ट्रेडमिल टेस्ट): शारीरिक परिश्रम के दौरान हृदय की क्षमता जांचता है लिपिड प्रोफाइल: कोलेस्ट्रॉल का स्तर बताता है एचएस-सीआरपी टेस्ट: हृदय में सूजन के संकेत देता है।



## प्री-मानसून में पूरा एहतियात बरतें खानपान में, रहेंगे सेहतमंद

मानसून अभी आया नहीं है लेकिन प्री-मानसून का मौसम तो आ चुका है। इस मौसम में इम्यूनिटी बूस्ट करना जरूरी होता है। अन्यथा, आप बीमार भी पड़ सकते हैं। इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए खानपान का खास ध्यान रखें। केवल हेल्दी चीजों का ही सेवन करें।

प्री-मानसून का मौसम सुहावना होता है, लेकिन इस मौसम में बारिश के कारण कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। मौसम में नमी की वजह से आसानी से बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। इसलिए इस मौसम में घर की सफाई अच्छे से करनी चाहिए। साथ ही, आपको अपनी डाइट का भी खास ध्यान रखना चाहिए। खानपान में लापरवाही, यानी शरीर बीमारियों का घर। अक्सर लोगों को यह पता नहीं होता है कि किस मौसम में कौन-सी चीजें खानी चाहिए और किनसे परहेज करना चाहिए।

### क्यों नहीं खाना चाहिए स्प्राउट्स?

स्प्राउट्स खाने में स्वादिष्ट के साथ-साथ हेल्दी भी होते हैं। इसलिए कहा जाता है कि स्प्राउट्स को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इन्हें खाने से शरीर को एनर्जी मिलती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनका सेवन हर मौसम में नहीं किया जा सकता है? खासतौर पर बरसात के मौसम में। ऐसा इसलिए क्योंकि स्प्राउट्स को ग्रो करने के



लिए नमी चाहिए होती है, ऐसे में वह बैक्टीरिया के लिए भी जगह बनाते हैं। नमी के कारण बैक्टीरिया आसानी से पनपते हैं। इसलिए इस मौसम में स्प्राउट्स से परहेज करें। कच्चे स्प्राउट्स खाने से फूड प्वाइजनिंग हो सकती है। अगर आपको स्प्राउट्स खाने हैं, तो इन्हें पका कर खाएं।

### डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन क्यों नहीं करना चाहिए?

डेयरी प्रोडक्ट्स सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं,लेकिन कई स्थितियों में यह शरीर को नुकसान भी पहुंचाते हैं। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि कब और कितनी मात्रा में इनका सेवन करना चाहिए। प्री-मानसून के मौसम में दूध से बनी चीजों जैसे चीज़, पनीर आदि को अपनी डाइट में शामिल न करें। इन्हें खाने से आप बीमार पड़ सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये कंटामिनेट फूड्स हैं, जिन्हें कई दिनों तक बेचा जाता है। इसलिए जब भी खरीदें, ताजा ही लें।

### प्री-मानसून में नॉन-वेज से क्यों परहेज करना चाहिए?

प्री-मानसून के मौसम में नॉन वेज खाने से पहले अच्छे से जांच कर लें कि क्या यह फ्रेश है। साथ ही, अगर आप इसे सही तापमान पर नहीं पकाएंगे तो इसमें बैक्टीरिया हो सकते हैं। नॉन वेज के साथ सी-फूड्स के सेवन से भी बचें। ऐसा इसलिए क्योंकि सी-फूड्स में भी बैक्टीरिया होते हैं, जिससे आप बीमार पड़ सकते हैं। खासतौर पर मछली, केकड़ा और प्रॉन्स न खाएं। ये चीजें इन्फेक्शन कर सकती हैं।



# ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखने के नियम जरूर जानें

वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऑफिस डेस्क पर कुछ खास चीजें रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपके काम में सफलता मिलती है। इन चीजों को सही दिशा में रखना भी जरूरी है। यहां कुछ चीजें बताई गई हैं जिन्हें आप अपनी ऑफिस डेस्क पर रख सकते हैं। वहीं ऑफिस डेस्क पर कुछ ऐसी चीजें जिन्हें रखने की मनाही होती है। इससे नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है। साथ ही व्यक्ति के कार्यक्षेत्र में भी बाधाएं आने लग जाती है। अब ऐसे में क्या ऑफिस डेस्क पर क्या लक्ष्मी जी के चरण रख सकते हैं। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

लक्ष्मी चरण, जिन्हें लक्ष्मी पादुका भी कहा जाता है, देवी लक्ष्मी के पैरों के निशान हैं। इन्हें धन, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। लक्ष्मी चरण सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं। इन्हें डेस्क पर रखने से ऑफिस में सकारात्मक माहौल बनता है और नकारात्मकता दूर होती है। लक्ष्मी चरण को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इन्हें डेस्क पर रखने से व्यापार और काम में वृद्धि होती है और सफलता मिलती है। लक्ष्मी चरण को शांति और स्थिरता का प्रतीक भी माना जाता है। इन्हें डेस्क पर रखने से मन शांत रहता है और काम में एकाग्रता



बढ़ती है। आपको बता दें, ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी जी के चरण हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में होने चाहिए। यह दिशा धन और समृद्धि के लिए शुभ मानी जाती है। इसलिए आप अपने ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रख सकते हैं।

### ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण किस तरह रखना चाहिए?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, लक्ष्मी चरण को सही दिशा में और सही तरीके से रखने से घर और ऑफिस में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। लक्ष्मी चरण को हमेशा अपने बैठने की दिशा में रखें। इसका मतलब है कि जब आप कुर्सी पर बैठे हों तो आपके सामने की ओर लक्ष्मी चरण होने चाहिए। लक्ष्मी चरण को डेस्क के ऊपरी बाएं कोने में रखें। यह स्थान धन और समृद्धि का प्रतीक है। इससे व्यक्ति के जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो सकती है।

## वास्तु के अनुसार पूजा का सामान किस दिशा में नहीं रखना चाहिए

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में सभी चीजों को सही दिशा में नियमित रूप से रखने का विधान है। अब ऐसे में घर में पूजा का सामान किस दिशा में रखने से लाभ हो सकता है। वास्तु में



दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पूजा का सामान रखने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ सकती है और घर में अशुभ प्रभाव आ सकते हैं। इसके अलावा अगर आप पूजा-पाठ का सामान दक्षिण-पश्चिम दिशा में रख रहे हैं तो यह दिशा भी शुभ नहीं माना जाता है। इस कोण को स्थिरता और पितरों से संबंधित माना जाता है। यहां पूजा का सामान रखने से घर के सदस्यों के स्वास्थ्य और समृद्धि पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। पूजा का सामान आप भूलकर भी घर की आग्नेय कोण यानी कि दक्षिण-पूर्व दिशा में भूलकर भी न रखें। इन दिशाओं को अशुभ माना जाता है। बाथरूम के पास वाले जगह में भी पूजा का सामान नहीं रखना चाहिए। इससे नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है। सीढ़ियों के नीचे की जगह को भी वास्तु में अच्छा नहीं माना जाता है। यहां पूजा का सामान रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ सकता है और काम में कभी भी सफलता नहीं मिलती है।

### पूजा का सामान का महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूजा का सामान पवित्रता, शुभता और सकारात्मकता का कारक माना जाता है। इसलिए पूजा के सामान को कभी भी अपवित्र स्थान पर नहीं रखना चाहिए। इससे पूजा की पवित्रता और शुद्धि खत्म हो जाती है और व्यक्ति को पूजा का शुभ परिणाम नहीं मिलता है। पूजा का सामान हमेशा सही दिशा में रखें।

**कार्नर न्यूज**

## छत पर ही उगाए जा सकते हैं 20 तरह के फल

# मौसम चाहे कैसा भी हो, गार्डनिंग में अपनी रुचि को जगाए रखिए, छत भी बड़े काम की

केमिकल फार्मिंग और जंक फूड के जमाने में पैरेंट्स के सामने एक बड़ी चुनौती है, अपने बच्चों को पौष्टिक आहार खिला पाना, हरिद्वार की रहने वाली डॉ. अंशु राठी के सामने भी यही उलझन थी, जिसे उन्होंने अवसर में बदला, और आज ना सिर्फ वो गार्डनिंग करके अपनी बच्ची को ऑर्गेनिक फल-सब्जियां खिला रही हैं, बल्कि अपने जैसे कई पैरेंट्स की मदद भी कर रही हैं। डॉ अंशु राठी पिछले दस सालों से अपने घर की 200 गज की जगह में ढेरों पौधे उगा रही हैं। उनके घर में करीबन 1000 पौधे हैं जिसमें से 200 गमलों में उन्होंने किस्म-किस्म की फल-सब्जियां उगाई हैं। अंशु ये सभी पौधे पूरे ऑर्गनिक तरीके से उगाती हैं। पेशे से डेंटिस्ट अंशु का घर देखकर आपको लगेगा कि आप किसी अर्बन जंगल में आ गए हैं। उनके अर्बन फार्मर बनने के इस सफर में कई उल्लेखनीय जानकारियां सामने आई हैं। उनका मानना है कि मौसम चाहे कैसा भी हो, वह बताती हैं, "मैं लगातार सर्च कर रही थी, इसी दौरान मुझे पेज मिला। जिसपर काफी वीडियोज थीं ऑर्गनिक तरीके से टेरेस पर सब्जियां उगाने की, फल उगाने की, बस फिर तभी से मैंने अपना गार्डन भी शुरू किया।"



### बेटी को ऑर्गनिक सब्जियां खिलाने के लिए शुरू की गार्डनिंग

दरअसल, डॉ. अंशु ने एक बार अमरुद के बागान में फलों को केमिकल के इंजेक्शन देते हुए देखा था। इससे उन्हें अपनी बेटी के भविष्य की चिंता हो गई। जिसके बाद केवल तीन-चार पौधों से गार्डनिंग की शुरु की । शुरूआत आसान नहीं थी, उनके ढेरों पौधे पहले मर गर थे। लेकिन लगातार कोशिश से एक-दो साल में ही वो फल सब्जियां उगाने में माहिर हो गईं।

आसान सब्जियों से शुरु करके उन्होंने बैगन, लीची, अमरुद, शिमला मिर्च सहित 20 फल और हर तरह की मौसमी फल-सब्जियों की नियमित रूप से उगाना चालू कर दिया। आज डॉ. अंशु खुश हैं कि अपनी बेटी को एक स्वस्थ जीवन देने में आख़िरकार सफल हो गई हैं। वो चाहती थीं कि उनकी ही तरह दूसरे लोग भी ऑर्गनिक गार्डनिंग से प्रेरित होकर अपने लिए ताज़ा सब्जियां उगाएं। अपने इंस्टाग्राम चैनल माई प्लांट्स माई गार्डन के ज़रिए यह काम कर भी रही हैं।

अगर आप भी उनके छोटे-छोटे टिप्स से गार्डनिंग की शुरुआत करना चाहते हैं तो उन्हें उनके इंस्टाग्राम पर संपर्क कर सकते हैं।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज के लिए फाइनल हुई कास्ट



हैरी पॉटर के जादुई संसार में एक बार फिर नई जान फूंकी जा रही है, लेकिन इस बार कहानी बड़े पर्दे नहीं, बल्कि छोटे पर्दे पर अपने जादू का असर दिखाएगी। एचबीओ की अपकमिंग 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज के लिए आखिरकार नए हैरी, हर्माइनी और रॉन का चयन हो चुका है और इन चेहरों ने फैंस में एक्साइटमेंट अब और बढ़ा दी है।

डोमिनिक मैक्लॉघलिन अब हैरी पॉटर की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जबकि हरमाइनी ग्रेंजर बनेगी एराबेला स्टैंटन और एलेस्टियर स्टॉउट निभाएंगे रॉन वीसली का किरदार। ये तीनों युवा कलाकार अब वही जादू बिखेरने के लिए एकदम तैयार हैं। इन तीनों ही किरदारों में अब तक फैंस को डैनियल रैडक्लिफ, एमा वॉटसन और रुपर्ट ग्रिंट को ही देखने की आदत बनी हुई है।

एचबीओ ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इन नए कलाकारों का स्वागत करते हुए लिखा, 'प्रिय मिस्टर पॉटर, मिस ग्रेंजर और मिस्टर वीसली, आपको हॉगवर्ट्स स्कूल में दाखिला मिल गया है।' इस ऐलान के साथ ही यह तय हो गया है कि ये सीरीज जे के रोलिंग की किताबों पर आधारित एक नई और कहानी होगी, जो हर पीढ़ी के दर्शकों के लिए रोमांचक होगी।

बताया जा रहा है कि इन प्रमुख भूमिकाओं के लिए 30,000 से ज्यादा ऑडिशन हुए थे, जिनमें से इन तीन प्रतिभाओं को चुना गया है। इस कास्टिंग प्रोसेस की अगुवाई लुसी बेवन और एमिली ब्रॉकमैन ने की और शो की कमान शोरनर फ्रांसेस्का गार्डिनर और निर्देशक मार्क मायलॉड के हाथों में है।

## टॉलीवुड

### बड़े पर्दे पर धाकड़ कमाई के बाद सूर्या की 'रेट्रो' अब ओटीटी पर दस्तक देने की तैयारी



तमिल रोमांटिक-एक्शन फिल्म 'रेट्रो' अब बड़े पर्दे के बाद ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। सूर्या और पूजा हेगड़े अभिनीत इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। यह फिल्म सिनेमाघरों में 01 मई को रिलीज हुई और इसे समीक्षकों द्वारा खूब सराहना मिली। आइए जानते हैं ओटीटी पर कब रिलीज हो रही यह फिल्म। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने 'रेट्रो' फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए बताया है कि इसे 30 मई को ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, कन्नड़, तेलुगु और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। फिल्म के पोस्टर में पूजा हेगड़े और सूर्या रोमांटिक अंदाज में सीढ़ियों पर बैठे हुए दिख रहे हैं।

'रेट्रो' 1990 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी है। इसमें गैंगस्टर द्वारा पाले गए व्यक्ति पारीवेल कन्नन की कहानी बताई गई है। फिल्म में असली मोड़ तब आता है, जब वह डॉ. रुक्मिणी से प्यार करने लगता है तो उसकी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में जब पारीवेल अपने हिंसक अतीत को छोड़ने का फैसला करता है, तो उसकी शांति की इच्छा, उसके गैंगस्टर पिता की मांग और अपने प्यार रुक्मिणी की रक्षा करने की जरूरत से टकराती है। फिर इसके बाद कहानी में जोरदार रोमांच देखने को मिलता है। कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में बनी यह तमिल फिल्म 01 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तमिल में 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इस फिल्म में सूर्या और पूजा हेगड़े के अलावा जोजू जॉर्ज, जयराम, नासर, प्रकाश राज और करुणाकरण भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। वहीं श्रिया सरन भी एक विशेष कैमियो भूमिका में नजर आईं हैं।

## छॉलीवुड

### 'मासूम हाउसवाइफ' में भूतनी बनकर अत्याचारी सास और ननद को सिखाया सबक



भोजपुरी फिल्मों की टॉप स्टार्स में शुमार अंजना सिंह की फिल्म 'मासूम हाउसवाइफ' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही चर्चा में है। फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे और उन्हें फिल्म की रिलीज का इंतजार है। उनका कहना है कि ये फिल्म सुपरहिट होगी। आम्रपाली दुबे, रानी चटर्जी और काजल राघवानी की तरह अंजना सिंह की भी भोजपुरी सिनेमा में काफी पॉपुलैरिटी है। वह भी भोजपुरी की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं। भोजपुरी के फैंस उनकी फिल्मों और गानों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही अंजना सिंह की नई भोजपुरी फिल्म 'मासूम हाउसवाइफ' का ट्रेलर रिलीज किया गया। यह रिलीज होते ही छा गया और फैंस का दिल जीत ले गया।

मेकर्स ने पहले 'मासूम हाउसवाइफ' के पोस्टर्स रिलीज किए थे, और अब ट्रेलर रिलीज किया है। इसमें अंजना सिंह का एक अलग ही अवतार देखने को मिला है, जो फैंस तक को हैरान कर रहा है। भोजपुरी फिल्म 'मासूम हाउसवाइफ' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अंजना की शादी होती है तो वह बहू बनकर एक परिवार में जाती हैं। लेकिन ससुराल में अंजना को बहुत टॉर्चर किया जाता है। सास और ननद मिलकर अंजना पर खूब अत्याचार करती हैं। वो कभी खाने को लेकर टोकती हैं तो कभी कपड़े पहनने को लेकर। हद तो तब हो जाती है, जब सास और ननद मिलकर अंजना को खूब मारती हैं।

## लाइफ स्टाइल

2025 के रुझान



साल 2025 के फैशन में बोल्ड और व्यक्तिगत एक्सप्रेशन पर जोर दिया जा रहा है। चमकदार एक्सेसरीज, पावर ड्रेसिंग और स्टेटमेंट काफ्तान जैसे रुझान देखने में आ रहे हैं। इसके अलावा, 90 के दशक और नई सदी के शुरुआत का भी कमबैक हो रहा है, जिसके कारण अति-पुरानी यादों का मिश्रण देखने को मिल रहा है।

# कोहनी का कालापन हफ्तेभर में दूर करेंगे ये नुस्खे

यदि आप भी कोहनी के कालेपन को घर पर ही दूर करना चाहते हैं, तो एक बार हमारे बताए नुस्खे ट्राई करें। हम अपने चेहरे का ध्यान तो खूब अच्छे से रख लेते हैं, लेकिन जल्दबाजी के चक्कर में अक्सर शरीर के कुछ ऐसे भागों पर ध्यान नहीं दे पाते, जो काफी अहम हैं। हम बात कर रहे हैं कोहनी की, जिसकी वजह से ज्यादातर लोग हाफ स्लीव के कपड़े पहनने से शर्माते हैं। दरअसल, हम में से हर दूसरा व्यक्ति कोहनी के कालेपन से परेशान है। इसके लिए बाजार में कई क्रीम भी आती हैं, जो ज्यादा कुछ खास असर नहीं दिखा पातीं। इसीलिए हम आपको कुछ आसान नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिसको आजमाकर आप कोहनी के कालेपन को दूर कर सकते हैं।



### नींबू और शहद

घुटने और कोहनी के कालेपन को दूर करने में नींबू आपकी मदद कर सकता है, ऐसा इसलिए क्योंकि नींबू में ब्लीचिंग तत्व पाए जाते हैं। तो वहीं शहद स्किन को नमी प्रदान करेगा। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले तो एक नींबू को काटकर आधा कर लें और इसे कोहनी पर हल्के हाथ से रगड़ें। नींबू से रगड़ने के बाद थोड़ा सा शहद लेकर इसे अपनी कोहनी पर लगाएं। कम से कम 15 मिनट इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर सादा पानी से धो लें।

### बेसन और दही

इन दोनों चीजों का पेस्ट डेड स्किन के साथ-साथ त्वचा के कालेपन को दूर करने में आपकी मदद करेगा। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले तो एक कटोरी में थोड़ा सा बेसन निकाल लें। इसके बाद इसमें दही डालकर मिक्स करें। ध्यान रखें कि इसके पेस्ट को गाढ़ा ही रहने दें। अब इस पेस्ट को कोहनी पर लगाएं और कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

### नारियल तेल और चीनी

ये कालापन डेड स्किन के जमने से होता है, ऐसे में स्क्रब का इस्तेमाल करके आप डेड स्किन को गायब कर सकते हैं। चीनी कालेपन को दूर करेगी, वहीं नारियल का तेल स्किन को मुलायम बनाए रखेगा। इसके लिए एक कटोरी में नारियल का तेल लेकर उसमें पिसी हुई चीनी डालें। अब इस पेस्ट को कोहनी के कालेपन पर लगाएं। 10 से 15 मिनट मसाज करने के बाद कोहनी को सादे पानी से धो लें और हफ्ते भर में इसका असर देखें।


# कुर्ता स्कर्ट सेट डिजाइन आपकी खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

बदलते फैशन के चलते हर महिला चाहती है कि वह भीड़ भाड़ से हटकर अपने लुक को खूबसूरत बनाएं। ऐसे में अगर आप भी स्टाइलिश लुक पाने के लिए नई-नई डिजाइन के लेटेस्ट आउटफिट ट्राई करना चाहती है, तो अब आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए इन स्टाइलिश कुर्ता स्कर्ट सेट को ट्राई कर सकती हैं। इन्हें पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी।



### कुर्ता स्कर्ट सेट

अगर आप अपने घर पर होने वाले किसी भी फंक्शन में सभी मेहमानों के सामने अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरना चाहती है, तो अब आप इस ब्राउन कुर्ता स्कर्ट सेट को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप बहुत खूबसूरत लगेंगी। इस तरह के कुर्ता स्कर्ट सेट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकते हैं।



### ग्रीन लॉन्ग कुर्ता स्कर्ट सेट

यही नहीं अगर आप अपने दोस्त के घर जाने वाली है और वहां अपनी खूबसूरती से सभी को खुश करना चाहती है, तो आप इस खूबसूरत ग्रीन लॉन्ग कुर्ता स्कर्ट सेट को भी ट्राई कर सकती हैं। आप इस तरह के कुर्ता स्कर्ट को बाजार से कपड़ा लाकर टेलर की मदद से बनवा सकती है या रेडीमेड भी खरीद सकती है। यह आउटफिट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा।

### कलाकृति कॉटनकुर्ता स्कर्ट सेट

अगर आप यूनिक लुक क्रिएट करना चाहती हैं और भीड़ से हटकर दिखना चाहती है, तो आपके लिए यह स्टाइलिशकलाकृति कॉटनकुर्ता स्कर्ट सेट बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेंगी। इसके साथ आप एक्सेसरीज और मेकअप कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट को भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

# गर्मी और उमस से झड़ रहे हैं आपके बाल तो ये नुस्खे आजमाकर देख लें


गर्मी के मौसम में पसीना इतना ज्यादा आता है, कि उसकी वजह से लोगों के चेहरे पर तमाम तरह की परेशानियां पैदा होने लगती हैं। चेहरे के साथ-साथ बालों में नयी-नयी दिक्कतें आने लगती हैं। खासतौर पर बाल झड़ने की समस्या से तो हर दूसरा व्यक्ति परेशान रहता है।

यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिनके बाल उमस और गर्मी की वजह से झड़ रहे हैं तो ये लेख आपके लिए है। यहां हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बालों का झड़ना थम सकता है।

### प्याज का रस

इस मौसम में प्याज का रस बालों को काफी फायदा पहुंचाता हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले तो प्याज को कद्दूकस कर लें और फिर उससे रस निकाल लें।

अब रुई की मदद से इस रस को स्कैल्प पर लगाएं। आधे घंटे के बाद बालों को अच्छी तरह से धो लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में तीन बार कर सकते हैं।



### आंवले का रस

यदि आपको कहीं से आंवले मिल गए हैं तो आप इसके इस्तेमाल से भी बालों को गर्मी के मौसम मेंमजबूत बना सकते हैं। इसके लिए आंवले को पीस कर पहले तो उसका रस निकाल लें।

अब रूई की मदद से इसे अपने बालों और स्कैल्प पर अप्लाई करें। इसे आप आराम से एक घंटे के लिए स्कैल्प पर लगा रहने दे सकते हैं। एक घंटे के बाद बालों को धो लें। इससे न सिर्फ आपके बाल मजबूत होंगे, बल्कि बालों में प्राकृतिक शाइन भी आएगी।

# इस मौसम में रखना है पैरों का ध्यान तो रट लें इन बातों को

बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। प्री-मानसून ने दस्तक दे दी है। ये मौसम भले ही काफी रोमांटिक होता हो, लेकि अपने साथ कई तरह की मुश्किलें लेकर आता है। इस मौसम में सबसे ज्यादा त्वचा संबंधी परेशानियां पैदा होने लगती हैं। खासतौर पर इसका सबसे ज्यादा असर पैरों में देखा जाता है।

दरअसल, जमीन पर रहने की वजह से पैरों में फंगल इंफेक्शन जैसी दिक्कतें होना काफी आम बात हो जाती है। कई बार तो पानी में रहने की वजह से पैर काफी अजीब से दिखने लगते हैं। इसी वजह से आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप अपने पैरों की खूबसूरती को बरकरार रख सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ कुछ ही बातों का ध्यान रखना है।

### पैरों को रखें साफ

यदि आप चाहते हैं कि आपके पैर एकदम साफ-सुथरे रहें तो अपने पैरों का खास ध्यान रखें। जब भी कहीं बाहर से आएं तो पैरों को धो लें। खासतौर पर



यदि आपके पैर गंदे पानी में भीग गए हैं, तब तो उन्हें अच्छे से साफ करना बेहद जरूरी हो जाता है, वरना पैरों में बैक्टेरिया जमने लगते हैं। गंदे पानी में पैर भीग गए हैं तो उन्हें हल्के गुनगुने पानी से दोबारा साफ करें।

### फंगल इंफेक्शन से कैसे बचें ?

बारिश के मौसम में पैरों में फंगल इंफेक्शन हो जाता है, जिससे पैर काफी अजीब दिखने लगते हैं। इस इंफेक्शन से बचना काफी जरूरी होता है।

## कार्नर न्यूज

हैंड वर्क को पसंद करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह जान लें

# लहंगा-साड़ी में असली हैंड वर्क की पहचान करना मुश्किल नहीं, जागरुकता से आप बचा लेंगी पैसे

लहंगा और साड़ी में महिलाएं हमेशा हैंड वर्क को ज्यादा पसंद करती है। पर यदि आपको असली हैंड वर्क की पहचान करना नहीं आता होगा, उनके पैसे बर्बाद हो जाएंगे। इसलिए इस लेख को अंत तक पढ़ें।

शादी में पहनने वाला लहंगा और साड़ियां काफी महंगी आती हैं। खासतौर पर अगर जरी वाले लहंगे-साड़ी की तरफ नजरें उठा ली जाएं तो उनके दाम तो आसमान छूते हैं। जरी वाले लहंगे-साड़ी देखने में न सिर्फ खूबसूरत लगते हैं, बल्कि इन्हें पहनने से अंदाज एकदम शाही लगता है, लेकिन आजकल बाजार में जरी के हैंडवर्क के नाम भी मशीन के काम वाले आउटफिट, असली वर्क के नाम पर बेचे जा रहे हैं, जो बजट में भी आ जाते हैं।

ज्यादातर लोगों तो असली और नकली जरी के वर्क में फर्क पता नहीं लग पाता। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप आसानी से असली और नकली जरी वर्क की पहचान कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है।



### देखें धागे की अनियमितता

यदि आप हैंड वर्क का आउटफिट खरीदने जा रहे हैं, तो उसके धागे की अनियमितता देखें। ध्यान रखें कि मशीन से जो काम किया जाता है इसका पैटर्न एकदम एक जैसा होता है।

यानी कि उसमें धागों की दूरी में एक समान होगी, जबकि यदि आउटफिट पर हाथ से काम किया गया है, तो धागे में अनियमितता ही इस बात का सबूत होती है कि आउटफिट पर हैंड वर्क है।

### काम को उलट कर देखें

आउटफिट खरीदने से पहले एक बार उलटकर चेक अवश्य करें। ध्यान रखें कि यदि किसी आउटफिट पर मशीन से काम किया गया है, तो उसमें बहुत सफाई होगी। धागे एक-दूसरे में बिल्कुल उलझे नहीं होंगे। जबकि हाथ से किए गए काम में धागे भी उलझे होंगे, और उसमें ज्यादा सफाई नहीं होती। हाथ के काम वाले आउटफिट के उलटी तरफ धागों में गांठें भी बंधी दिखाई देती हैं।



### समय चेक करें

यदि कोई दुकानदार आपसे ये दावा करता है कि वो एक हफ्ते में हैंड वर्क का आउटफिट तैयार करवा देगा, तो ये साफ है कि वो झूठ बोल रहा है। क्योंकि हैंड वर्क में बहुत समय और मेहनत लगती है, जिस कारण हैंडवर्क का आउटफिट तैयार होने में महीनों का समय लगता है।

### रेट परखें

आउटफिट खरीदते समय ध्यान रखें कि यदि कोई दुकानदार हैंड वर्क का आउटफिट आपको काफी सस्ते में दे रहा है, तो वो भी नकली हो सकता है। हैंड वर्क वाले आउटफिट का दाम काफी ज्यादा होता है, क्योंकि इसमें लेबर कॉस्ट काफी ज्यादा होती है।